हरिभूमि
# संस्कारधानी भूमि
रायपुर, शनिवार 10 जनवरी 2026



# दर्दनाक घटना : ट्रैक्टर दुर्घटना में मासूम की मौत के बाद चालक ने दफनाया

## ग्राम बीजेपार में सनसनीखेज वारदात, पुलिस मामले की जांच में जुटी

हरिभूमि न्यूज ⏭ छुरिया

ग्राम बीजेपार थाना जोब में एक अत्यंत दुखद और विचलित करने वाली घटना सामने आई है। यहां एक ट्रैक्टर ट्राली दुर्घटना में जान गंवाने वाले 7 वर्षीय बालक के शव को गुप्त रूप से दफनाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने 9 जनवरी को सुबह 11 बजे शव को बरामद कर लिया है। इस घटना के बाद आसपास के ग्रामवासी अत्यंत दुःखी एवं आक्रोशित हैं।

पुलिस सूत्रों से प्राप्त जानकारी अनुसार 8 जनवरी को पुलिस चौकी जोब में प्रार्थी भुवनलाल अरकरा पिता अंकालू राम अरकरा 45 वर्ष निवासी बीजेपार ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उनका नाबालिक पुत्र प्रभात कुमार 7 जनवरी को दोहपर लगभग 3 बजे गांव के ट्रैक्टर चालक भानदास पाल के ट्रैक्टर ट्रॉली में मुरूम भरने के हेतु उसके नाबालिक भांजे के साथ गया था, जो 8 जनवरी को साढे 12 बजे तक घर वापस नहीं आया है। आसपास व रिश्तेदारो में पतासाजी करने पर भी बालक का कोई पता नहीं चला। रिपोर्ट पर पुलिस चौकी जोब में गुम इंसान तथा अपराध 137 (2) बीएनएस पंजीबद्ध किया गया।

इस मामले में पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेन्द्र नायक, एसडीओपी आशीष कुंजाम के मार्गदर्शन में थाना छुरिया निरीक्षक रमेश पटेल, उपनिरीक्षक ओमसिंह साहू तथा पुलिस चौकी जोब के प्रधान आरक्षक संतोष नायक एवं स्टाफ द्वारा गुमशुदा बालक की पतासाजी की जा रही थी।

### सहयोगियों से पूछताछ

घटना की सूचना मिलने के बाद सक्रिय हुई पुलिस और प्रशासन की टीम ने 9 जनवरी को सुबह 11 बजे घेराबंदी कर बताए गए स्थान से शव को बाहर निकाला। पुलिस ने शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम कराया। इस मामले में पुलिस ने ट्रैक्टर चालक और संदिग्ध सहयोगियों के खिलाफ पूछताछ कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि लापरवाही के कारण हुई मृत्यु और साक्ष्य छिपाने के गंभीर आरोपों की सूक्ष्मता से जांच की जा रही है। इस घटना के बाद से गांव में शोक की लहर है और ग्रामीण दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग कर रहे हैं।



### ट्रॉली पलटने से हादसा


पुलिस के सामने विवेचना के दौरान गवाहों एवं तथ्यों के आधार पर यह जानकारी सामने आई की ट्रैक्टर चालक मानदास पाल द्वारा मुरूम भरते समय ट्रॉली पलट जाने से बालक ट्रॉली एवं मुरूम के नीचे दब गया। जिससे उसकी मृत्यु हो गई। घटना को छुपाने की नीयत से आरोपी द्वारा बालक के शव को अपने घर की बाड़ी में दफना दिया गया।

आरोपी के निशानदेही पर कार्यपालक मजिस्ट्रेट छुरिया की उपस्थिति में शव उत्खनन की कार्रवाई की। शव की पहचान पश्चात बरामदगी पंचनामा तैयार किया गया। प्रकरण में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराया गया। पुलिस के अनुसार शव का पोस्टमार्टम रिपोर्ट प्राप्त होने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। इस घटना से गांव में सनसनी फैल गई है।

## खबर संक्षेप

### सट्टा, दो आरोपी के खिलाफ कार्रवाई

**राजनांदगांव।** सट्टा खिलाने वालों के खिलाफ पुलिस का कार्रवाई अभियान जारी है।



जिसके तहत बसंतपुर थाना क्षेत्र में दो आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी बिसेन सोनकर 22 साल सागरपारा एवं लोमेन्द्र निर्मलकर 40 साल ग्राम भानपुरी को अवैध रूप से धन अर्जित करने की गरज से अवैध रूप से सट्टा-पट्टी लिखते पाए जाने से आरोपी बिसेन सोनकर के कब्जे से 1 नग कॉपी, 2 नग पेन, 2 नग मोबाइल, 1 नग कैल्कुलेटर, 1 नग लैपटॉप तथा नगदी रकम 5000 रुपए एवं आरोपी लोमेन्द्र निर्मलकर के कब्जे से 1 नग मोबाइल तथा 5100 रुपए नगदी रकम जब्त कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। मामले में फरार एक अन्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश जारी है।

### शराब कोचिया पकड़ाया 30 पौवा जब्त

**राजनांदगांव।** धरपकड़ अभियान के तहत पुलिस ने आरोपी से 30 पौवा देशी प्लेन शराब बरामद कर कार्रवाई की गई है। पुलिस सूत्रों के अनुसार बसंतपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में टीम गठित कर मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपी महावीर उर्फ पिंटू सोनकर को मोहारा बायपास ओवरब्रिज के पास अवैध रूप से शराब बिक्री करते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 30 पौवा देशी मदिरा प्लेन शराब कीमती 2400 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्व धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्व कर विवेचना में लिया गया।

सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ के बेरोजगार और असंतुष्ट युवा साथियों के लिए सुनहरा अवसर : मनपसंद काम और इनकम का पैकेज उपलब्ध है।
शीघ्र संपर्क करे सीमित दिनों के लिए
इंजीनियर पी एल सुलाखे
9425554092, 9644677750

## 10वीं-12वीं के विद्यार्थियों सहित शिक्षकों पर भी एक साथ कई जिम्मेदारियां

# प्रेक्टिकल परीक्षा के बीच प्री-बोर्ड जिस दिन पेपर नहीं उस दिन क्लास


हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ लोक शिक्षण संचालनालय द्वारा इस बार प्री-बोर्ड परीक्षा जल्द कराने के निर्णय ने विद्यार्थियों पर पढ़ाई का भारी बोझ डाल दिया है। दसवीं व बारहवीं प्री-बोर्ड परीक्षा 16 जनवरी से प्रारंभ करने और 23 जनवरी तक समाप्त करने का फरमान जारी किया गया है। यानी महज पांच दिन में प्री-बोर्ड की सभी विषयों की परीक्षाएं पूर्ण कर ली जाएगी।

एक जनवरी से प्रेक्टिल परीक्षाएं भी विद्यार्थी दे रहे है। यही नहीं आदेश यह भी है कि जिस दिन परीक्षाएं नहीं होगी, उस दिन नियमित क्लास भी लगेगी। मौजूदा हालात में विद्यार्थियों को दोहरी परीक्षा की तैयारी करना पड़ेगा। वहीं शिक्षकों को भी शत-प्रतिशत कोर्स पूरा करवाने की समस्या से जूझना होगा।

लोक शिक्षण संचालनालय से जारी निर्देश पर 10वीं-12वीं कक्षा की छैमाही परीक्षा 12 से 20 दिसंबर तक हुई। इसके बाद शीतकालीन छुट्टियां लग गई। वहीं फेडरेशन के आह्वान पर कई स्कूलों के शिक्षक भी तीन दिवसीय हड़ताल में शामिल रहे। यानी करीब 10 दिन तक स्कूल लगभग बंद रहे। कक्षाएं लगने के दिन आए तो 1 जनवरी से प्रैक्टिकल एग्जाम शुरू हो गए। यह 20 जनवरी तक होंगे।

वहीं अब माशिमं ने कक्षा दसवीं और बारहवीं में पढ़ने वाले छात्रों के लिए प्री-बोर्ड परीक्षा कराने के निर्देश दे दिए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय ने सभी जिलों का यह परीक्षा हर हाल में 15 जनवरी तक पूरा करने के निर्देश दिए हैं। विद्यार्थी और शिक्षक दोनों सिर्फ परीक्षा में ही उलझे हुए हैं और उनके बचे हुए कोर्स के लिए समय ही नहीं मिल रहा है। गंभीर विषय यह है कि अगले माह 20 फरवरी से दोनों कक्षाओं को फिर मुख्य परीक्षा के दौर से गुजरना होगा।



### टाईम टेबल जारी

नेशनल गेम के कारण राजनांदगांव जिले में प्री-बोर्ड की परीक्षाएं 10 की बजाए 16 जनवरी से शुरू होगी। टाईम टेबल जारी कर दिए गए हैं। परीक्षाओं के लिए उच्चाधिकारियों ने आदेश दिए हैं। प्री-बोर्ड परीक्षा 10 जनवरी से शुरू होगी। टाईम टेबल भी जारी कर दिए गए हैं।

\- प्रवास सिंह बघेल
डीईओ

### छुट्टियों से पढ़ाई हो रही प्रभावित

स्कूलों में बिना पढ़ाई के ही लगातार परीक्षाओं का दौर चल रहा है। इसके अलावा दो माह से शिक्षकों की ड्यूटी एसआईआर में लगा दी गई है। इधर सभी सरकारी स्कूलों पर शत-प्रतिशत रिजल्ट लाने व 90 प्रतिशत से ऊपर प्रतिशत वाले छात्रों की संख्या बढ़ाने का दबाव है। इसके साथ ही शिक्षा गुणवत्ता सुधार के लिए भी दिसंबर महीने में दूसरा चरण चला।

### तीन दिन के भीतर जारी होगा रिजल्ट

प्री-बोर्ड परीक्षा समाप्ति के तीन दिन बाद रिजल्ट घोषित करने का फरमान है। यानी जिस दिन परीक्षा होगी उस दिन की उत्तर पुस्तिकाओं की जांच भी शिक्षकों को करनी होगी, तभी इस आदेश का पालन किया जा सकेगा। मूल्यांकित उत्तर पुस्तिकाओं को कार्यालय में रखना है, जिसे जिला व ब्लॉक स्तर के अधिकारी निरीक्षण कर सके। प्रश्नपत्रों का वितरण भी जिला शिक्षा विभाग द्वारा किया गया है।

### हाल ही में अर्द्धवार्षिक परीक्षा के परिणाम हुए घोषित

10वीं-12वीं के छात्र दिसंबर से जनवरी के बीच तीन परीक्षाओं में हिस्सा लेंगे। 20 दिसंबर तक हुई छैमाही परीक्षा के नतीजे सप्ताहभर हुए हैं। वहीं स्कूलों में प्रैक्टिकल परीक्षा शुरू हो गई है। इस बीच अब माध्यमिक शिक्षा मंडल ने प्री-बोर्ड परीक्षा 16 जनवरी तक कराने के निर्देश जारी कर दिए हैं। इसके कारण बीते एक महीने से बच्चे सिर्फ परीक्षाएं ही दे रहे हैं। वहीं दूसरी ओर स्कूल में परीक्षा लेने व उसकी तैयारियों में ही समय निकल जा रहा है और कोर्स पूरे नहीं हो पा रहे हैं। इसका असर बोर्ड की मुख्य परीक्षाओं पर पड़ सकता है।

# चलित थाना संवाद के जरिये शिकायतों का किया गया निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

जिले में अपराधों की रोकथाम तथा आम जनता से सीधा संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं के समाधान हेतु लगातार चलित थाना कार्यक्रम पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के मार्गदर्शन में किया जा रहा है।

इसी क्रम में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में थाना बसंतपुर क्षेत्रांतर्गत राजीव नगर में चलित थाना लगाया गया। चलित थाना “संवाद” कार्यक्रम का आयोजन में राजीव नगर के 130 से अधिक पुरूष, महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। कार्यक्रम में वरिष्ठ नागरिक, वार्ड पार्षद सहित मोहल्ले के नागरिक, महिलाएं, पुरूष एवं बच्चे सक्रिय रूप से शामिल हुए। चलित थाना के दौरान आम जनता की समस्याओं एवं सुझावों को गंभीरतापूर्वक सुना गया तथा प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण किया गया। आम जनता को सायबर ठगी से बचाव, महिला एवं बच्चों से संबंधित अपराधों की रोकथाम तथा यातायात नियमों का पालन करने के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई एवं जागरूक किया गया।

### यातायात नियमों का पालन करने प्रेरित

उपस्थित नागरिकों को सायबर अपराधों से बचाव, महिला एवं बच्चों के विरुद्ध अपराधों की रोकथाम एवं यातायात नियमों का अक्षरशः पालन करने हेतु प्रेरित किया गया। उक्त कार्यक्रम में निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर, प्रधान आरक्षक दीपक जायसवाल, आरक्षक ललित रावटे, रूपेन्द्र वर्मा, राजेश बंदेश्वर एवं आशीष मानिकपुरी की सराहनीय भूमिका रही।

# कार्रवाई: नकली यूरिया जब्त, आरोपी फरार

## एक आरोपी पकड़ाया, मुख्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ चिचोला

नकली यूरिया बिक्री करने की सूचना पर चिचोला व साइबर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश देकर बड़ी मात्रा में सामग्री बरामद की है। इस मामले में मुख्य आरोपी की सरगर्मी से तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार प्रार्थी मंगल पांडे पिता उर्वादत्ता पांडे 52 वर्ष निवासी दीप्ती स्काई सिटी ओल्ड अंबरनाथ गांव प्लैट नं.-101 नीलगिरी बिल्डिंग अंबर नाथगांव थाना शिवाजी नगर जिला थाणे महाराष्ट्र ने पुलिस चौकी चिचोला थाना छुरिया में लिखित रिपोर्ट दर्ज कराया कि ग्राम पाटेकोहरा में जुम्मन ढाबा के बाजू बिल्डिंग में जुम्मन खान द्वारा अवैध लाभ प्राप्त करने हेतु महिन्द्रा ऑयल टाटा मोटरर्स एवं गल्फ ऑयल लुब्रिकेंट इंडियन लिमिटेड के कंपनी का डीईएफ यूरिया को नकली डुप्लीकेट होलोग्राम एवं स्टीकर लगाकर बेचा जा रहा है एवं अवैध लाभ प्राप्त किया कर रहा है।

### सायबर और चौकी की टीम ने दी दबिश



सूचना पर पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों के दिशा-निर्देश पर पुलिस चौकी चिचोला चौकी प्रभारी योगेश पटेल हमराह स्टाप व सायबर सेल टीम राजनांदगांव के त्वरित रेड कार्रवाई किया गया। रेड कार्रवाई के दौरान मुख्य आरोपी जुम्मन खान मौके पर उपस्थित नहीं मिला एवं आरोपी ईशु यादव पिता चंद्रशेखर यादव 19 साल पता महोबा आलमपुरा थाना महोबा जिला महोबा उत्तरप्रदेश के कब्जे से कुल 147 बकेट में 20-20 लीटर का कुल डीईएफ यूरिया 2940 लीटर कुल जुमला 01,92,085 ( एक लाख 92 हजार 85 रुपए) का मिला। जिसके संबंध में आरोपी को मौके पर कागजात पेश करने हेतु धारा 94 बीएनएसएस का नोटिस दिया गया।

### यूरिया स्टोरेज के संबंध में नहीं मिला वैध दस्तावेज

आरोपी द्वारा डीईएफ यूरिया रखने व बिकी करने के संबंध में कोई कागजात नहीं होना लिखित में दिया। आरोपी का कृत्य अपराध सदर धारा कापीराईट अधिनियम 1957 की धारा 63 घटित पाए जाने से आरोपी ईशु यादव पिता चंद्रशेखर यादव 19 साल पता महोबा आलमपुरा थाना महोबा जिला महोबा उत्तरप्रदेश को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय डोंगरगढ़ के समक्ष पेश कर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल किया गया। मुख्य आरोपी अतीक खान उर्फ जुम्मन पिता रफीक खान निवासी रामपुर खातूटोला का पता तलाश जारी है।

# भोजन में निकला मेंढक, जांच की मांग के साथ कार्रवाई के लिए सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव



डेंटल कॉलेज के मेस में खाना परोसे जाने के दौरान एक स्टुडेंट की थाली में पके भोजन में मेंढक निकलने का मामला सामने आने के बाद अब इस मामले को लेकर एनएसयूआई द्वारा ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की गई है। एनएसयूआई ने प्रदेश महासचिव राजा यादव के नेतृत्व में डिप्टी कलेक्टर अभिषेक तिवारी को ज्ञापन सौंपकर कहा कि डेंटल कॉलेज सुंदरा के मेस में छात्रों को दिए जाने वाले भोजन थाली में मेंढक मिलना बेहद चिंताजनक है।

पता नहीं कितने छात्रों को वहां भोजन परोसा गया होगा। उन्होंने कहा कि ये जानलेवा भी हो सकता है। उसी कॉलेज में पहले भी भोजन थाली में काकरोच मिल चुका है, फिर भी कॉलेज प्रशासन अभी तक सिर्फ दिशा-निर्देश देकर अपना पल्ला झाड़ रहा है। एनएसयूआई छात्र नेता प्रदीप साहू ने कहा कि लगातार आरोपों से घिरे डेंटल कॉलेज को जिला प्रशासन द्वारा बचाया जा रहा है। खाद्य विभाग द्वारा समय-समय पर निरीक्षण भी नहीं किया जाता है।

### कार्रवाई की मांग

एनएसयूआई द्वारा इस मामले में छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ बताते हुए आक्रोश व्यक्त किया गया है और जल्द से जल्द इस पूरे मामले में जांच करके संबंधित पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई है। ज्ञापन सौंपने के दौरान एनएसयूआई प्रदेश महासचिव राजा यादव, मेहुल कुमार, प्रदीप साहू, भूपेश डहारे, विपिन, पृथ्वी राय, आयुष सिन्हा, संतोष साहू, कमलेश, आदित्य सहित अन्य उपस्थित थे।

## माए एंगल




## 20100 रुपए तक की प्रोत्साहन राशि का होगा छात्रों में वितरण

# बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले बुनकर परिवारों के 213 विद्यार्थियों को मिलेगी प्रोत्साहन राशि

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

दसवीं और बारहवीं परीक्षा 2024-25 में उत्कृष्ट अंक हासिल करने वाले राजनांदगांव जिले के बुनकर परिवारों के 213 छात्र-छात्राओं को छत्तीसगढ़ राज्य हथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ मर्यादित प्रोत्साहन पुरस्कार के रूप में राशि वितरित करेगा। सहकारी संघ संचालक मंडल की हुई बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। यह प्रोत्साहित राशि प्रतिशत के आधार पर चार कैटेगिरी में बांटी गई है। जिसके अनुसार छात्र-छात्राओं को न्यूनतम 4100 रुपए से लेकर अधिकतम 20100 रुपए की प्रोत्साहित राशि दी जाएगी।




**दसवीं के 430 विद्यार्थियों को बटेगा 35.27 लाख रुपए :** दसवीं के लिए इस बार प्रदेश के 17 जिलों में बुनकर परिवारों के 430 छात्र-छात्राओं का चयन किया है। इसके तहत इन चयनित विद्यार्थियों को कुल 35 लाख 27 हजार रुपए की प्रोत्साहित राशि वितरित की जाएगी। यह राशि बोर्ड परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को प्रतिशत के अनुसार चार केटेगरी में बांटी जाएगी, जो क्रमशः 60 से 70 प्रतिशत तक 4100 रुपए, 70 से 80 प्रतिशत तक 8100 रुपए, 80 से 90 प्रतिशत 12100 रुपए तथा 90 से अधिक अंक पाने वाले विद्यार्थियों को 16100 रुपए प्रोत्साहिन राशि दी जाएगी। राजनांदगांव में सबसे अधिक विद्यार्थियों का चयन दसवीं और बारहवीं में प्रोत्साहन पुरस्कार राशि के लिए प्रदेशभर में सबसे अधिक बालोद और राजनांदगांव में विद्यार्थियों का चयन किया गया है। बालोद में 257 एवं राजनांदगांव में 213 विद्यार्थियों का चयन हुआ है। इसी प्रकार अन्य जिलों में क्रमशः महासमुंद 9, गरियाबंद 20, बस्तर 4, रायपुर 12, धमतरी 57, बलौदाबाजार 38, रायगढ़ 2, सारंगढ़-बिलाईगढ़ 15, जांजगीर-चांपा 78, कांकेर 20, बिलासपुर 25 कोरबा 8, दुर्ग 26, बेमेतरा 4 एवं कोंडागांव में सिर्फ दसवीं का एक विद्यार्थी शामिल है।

### 359 विद्यार्थियों को राशि होगी वितरित

इसी प्रकार बारहवीं बोर्ड परीक्षा में 60 प्रतिशत से अधिक अंक पाने वाले 359 विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि के लिए चयन किया है। इन विद्यार्थियों को भी प्रतिशत कैटेगरी के अनुसार 60 प्रतिशत से 70 प्रतिशत पाने वालों को 6100 रुपए, 70 से 80 प्रतिशत के बीच 10100 रुपए, 80 से 90 प्रतिशत तक 14100 रुपए तथा 90 से अधिक अंक पाने वालों को 20100 रुपए राशि वितरित की जाएगी।

संजीवनी
नर्सिंग होम
हार्ट एवं न्यूरो केयर सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

24 घंटे आपात चिकित्सा
• एक्सीडेंट
• जहर का सेवन
• लीवर फेलयर
• किडनी फेलयर
• हार्ट अटैक
• ब्रेन हेमरेज
• पीलिया • लकवा

स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
• बच्चेदानी का ऑपरेशन
• बांझपन का ईलाज
• मासिक धर्म की अनियमितता का ईलाज
• गर्भाशय संबंधी सभी प्रकार के रोगों का ईलाज
• नार्मल व सीजिरियन डिलीवरी मात्र 10000/-

24/7 Emergency सेवा उपलब्ध
OPD 10 AM to 4.00 PM
आयुष्मान कार्ड से ईलाज हेतु अधिकृत हॉस्पिटल
पुलिस थाना के सामने, चिखली, राजनांदगांव (छ.ग.)
24/7 Help Line 07744-299988, 82699-24365, 88279-24365

## खबर संक्षेप

### मनेरी में मानस एवं लोक कला महोत्सव 12 से

**डोंगरगांव।** ग्राम मनेरी में मकर संक्रांति के अवसर पर आगामी 12 से 14 जनवरी तक मानस एवं लोक कला महोत्सव का आयोजन रखा गया है। इस दौरान पंडवानी, जस झांकी, रामधुनी एवं मानस गान की प्रस्तुति होगी। आयोजक समिति के नरेश साहू ने क्षेत्र वासियों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने की अपील की है।

### ठाकुरटोला में कबड्डी स्पर्धा आज

**सोमनी।** ठाकुरटोला में कल 10 जनवरी को नवयुवक कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन रखा गया है। प्रथम ईनाम 15001 नगद एवं शील्ड, द्वितीय 13001 नगद, शील्ड, तृतीय 10001 नगद, शील्ड एवं चतुर्थ 7001 नगद एवं शील्ड दिया जाएगा। बेस्ट आलराउंडर, बेस्ट कैचर, बेस्ट रेडर एवं बेस्ट ब्लॉगर को भी पुरस्कृत किया जाएगा। यह आयोजन जय बजरंग दल क्रीड़ा मंडल एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में किया जा रहा है।

### सदस्यता अभियान में तेजी लाने के निर्देश

**डोंगरगढ़।** कांग्रेस सेवादल के सदस्यता अभियान की समीक्षा करने



सदस्यता अभियान के दुर्ग संभाग प्रभारी राजेश प्रसाद गुप्ता, प्रदेश सचिव सह प्रभारी हर्ष खोबरागड़े यहां पहुंचे। यहां आयोजित बैठक में सदस्यता अभियान में तेजी लाने के निर्देश दिए गए। जिला अध्यक्ष जितेंद्र भाटिया ने सदस्यता अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की बात कही और ज्यादा से ज्यादा सदस्य बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बलदेव मेहरा, जितेंद्र मेश्राम, नरेश करसे, दुलीचंद बडोले, संजीव गुप्ता, राजेश साहू, रामायण साहू, दिनेश साहू, धनीराम श्याम, ताम्रध्वज साहू, राजेंद्र वर्मा, कोमल वर्मा आदि मौजूद थे।

### आपत्तिजनक बयान के विरोध में सौंपा ज्ञापन

**डोंगरगढ़।** सार्वजनिक मंच एवं सोशल मीडिया पर आरक्षण व्यवस्था, संविधान की मूल भावना तथा एसटी एससी ओबीसी के समाजों के संदर्भ



में की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में एसडीएम को ज्ञापन सौंपा गया है। बयान पर आपत्ति दर्ज करते हुए एसटी, एससी एवं ओबीसी वर्ग ने कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर कांग्रेस नेता विष्णु लोधी ने कहा लोकतंत्र में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता सबको है, लेकिन यह स्वतंत्रता आपसी सम्मान, संवेदनशीलता और संविधान की मर्यादा के साथ होनी चाहिए। किसी भी समाज, वर्ग या महापुरुष के प्रति अपमानजनक टिप्पणी स्वीकार्य नहीं हो सकती। उन्होंने प्रशासन से ऐसे मामलों में निष्पक्ष एवं संवैधानिक प्रक्रिया के तहत उचित कार्रवाई करने की मांग की है ताकि समाज में वैमनस्य फैलाने वाले वक्तव्यों पर नियंत्रण किया जा सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान मदन नेताम, रमेश उइके, धीरज मेश्राम, धन्य कुमार खिलाड़ी, लादूराम तुमरेकी, कार्तिक नंदेश्वर, हरीश कश्यप, उदय नेताम, जगेश्वर उइके, भगवती वर्मा आदि उपस्थित थे।

### जन्मदिन पर लिया मां बम्लेश्वरी का आशीर्वाद

**डोंगरगढ़।** पूर्व मंत्री धनेश पाटिला ने अपने जन्मदिन के अवसर पर मंदिर



पहुंचकर मां बम्लेश्वरी देवी के दर्शन किए। इस दौरान डॉ थानेश्वर पाटिला, प्रदीप शर्मा, विजयराज सिंह, सुरेश सिन्हा, धीरज मेश्राम, शिव निषाद, रिम्मी भाटिया, अनिल मेश्राम, एडविन हैदर, शिशुपाल भारती, हरिश भंडारी, जितेन्द्रसिंह भाटिया, प्रमोद टेम्भुर्णीकर, चुम्मन साहू, संजीव गोमास्ता, फिरंगी पटेल, संजीव वशिष्ठ, रवि तिवारी, विष्णु लोधी, दशरथ सोनी, सुधीर शिंदे, मतीन खान, प्रकाश महानदी, पंचराम चंदेल, प्रजेश सहारे, राजेंद्र वर्मा, संजीव गुप्ता, दिनेश साखरे, सुरेन्द्र अम्बादे, प्रशांत सहित अन्य उपस्थित थे।

### स्कूल में साइकिल का वितरण

**डोंगरगढ़।** हाई स्कूल भैंसरा में गत दिनों निःशुल्क सायकल वितरण किया



गया। पात्र छात्राओं को जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद सदस्य श्रीमती कामडे, सरपंच उत्तरा ऊइके, पलटूराम सिन्हा, रोहित मंडावी, पवन पड़ौती, दुर्गेश्वरी विश्वकर्मा की उपस्थिति में सायकल वितरित किया गया। इस मौके पर प्राचार्य राजेन्द्र श्रीवास्तव, संकुल समन्वयक राजेश राजेकर, सहायक जिला शिक्षा अधिकारी राजनांदगांव बी संगीता राव, एपीसी विश्वकर्मा उपस्थित थे।

### टटेंगा स्कूल में पोषण वाटिका का निर्माण

**जेवरतला रोड।** उच्चतर माध्यमिक विद्यालय टटेंगा में स्वामी विवेकानंद



यूथ एंड इको क्लब ने विद्यालय प्रांगण में पोषण वाटिका तैयार किया है। इस वाटिका में पालक, लाल, मेथी भाजी, गोभी, मिर्ची और धनिया लगाया गया है। पोषण वाटिका तैयार करने के पीछे उद्देश्य पोषक तत्वों से युक्त साग भाजी एवं फल का सेवन विद्यार्थियों में बढ़े। प्राचार्य आरके देवांगन ने इस वाटिका के निर्माण करने वाले विद्यार्थियों एवं प्रभारी की तारीफ करते हुए कहा कि लोगों को प्रभावित एवं जागरूक करने का अच्छा तरीका है। इससे सभी को पोषक फल व सब्जी आसानी प्राप्त हो सकता है। युथ एंड इको क्लब प्रभारी अजय पाठक ने कहा कि वाटिका में रासायनिक खाद एवं कीटनाशक का उपयोग नहीं किया गया है। यह वाटिका पूरा तरह से जैविक है। व्याख्याता हेपशीबा एंथोनी ने कहा कि इस तरह से सब्जी व फलों का उत्पादन कर लोग स्वरोजगार हासिल कर सकते हैं।

### अनुपस्थिति से नाराज हुए जनप्रतिनिधि

# जीवनदीप समिति की बैठक में नहीं आए अधिकारी, नए प्रस्ताव पर मुहर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंडई पंडरिया

सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गंडई में जीवनदीप समिति की साधारण सभा की बैठक विधायक यशोदा वर्मा की अध्यक्षता में सोमवार को संपन्न हुई। बैठक में अस्पताल की व्यवस्थाओं को सुधारने और मरीजों की सुविधाओं के विस्तार के लिए 19 प्रस्ताव रखे गए, जिन्हे सर्वसम्मति से पारित किया गया। बैठक में महत्वपूर्ण विभागों के अधिकारियों की अनुपस्थिति के कारण अधूरे कार्यों पर चर्चा नहीं हो पाई, जिसे लेकर जनप्रतिनिधियों ने नाराजगी जाहिर की।

■ अधूरे कार्यों की नहीं हो सकी समीक्षा

#### 20 लाख की आय, 4 लाख सुरक्षित

वित्तीय विवरण के अनुसार 1 अप्रैल 2025 से 31 दिसंबर 2025 तक समिति को विभिन्न स्रोतों से कुल 20,91,858.99 की आय हुई है। जिसमें लगभग 16 लाख खर्च हुए है। इस मद करीब 4 लाख सुरक्षित है।




#### आधे कार्य अब भी अधूरे

बैठक में जानकारी दी गई कि 2 दिसंबर 2024 को हुई बैठक में 14 प्रस्ताव लिए गए थे। जिसमें केवल 7 प्रस्ताव ही पूर्ण हो सके हैं। शेष 7 प्रस्ताव अब भी अपूर्ण हैं। अपूर्ण कार्यों में लेबर रूम, एक्स-रे रूम में एसी, अस्पताल में रंग-रोगन और विद्युत लाइनों को अंडरग्राउंड करना शामिल है। अधिकारियों के न आने से इन कार्यों के अटकने का कारण स्पष्ट नहीं हो सका।

#### विकास के 19 नए प्रस्ताव

बीएमओ डॉ. मनीष बघेल ने आगामी सत्र के लिए 19 सूत्रीय कार्ययोजना प्रस्तुत की। प्रस्ताव में पैथोलॉजी लैब हेतु बायोकेमिस्ट एनालाइजर, हृदयघात के मरीजों के लिए डिफिब्रिलेटर की व्यवस्था, लेबर रूम में 1.5 टन के 2 एसी और एक्स-रे रूम में 1 एसी, वार्ड के बिस्तरों हेतु चादर, तकिया, कंबल और गंभीर मरीजों की निगरानी हेतु मल्टीपैरा मॉनिटर की व्यवस्था शामिल है। अस्पताल परिसर में अग्निशमन प्रणाली और एंबुलेंस/पार्किंग शेड का निर्माण का प्रस्ताव शामिल था।

#### मानदेय बढ़ाने अपील

हास्पिटल के संविदा कर्मचारियों ने विधायक के सम्मुख मानदेय बढ़ाने के लिए अपनी बातें रखी। विधायक ने इस पर सार्थक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। बैठक में नगर पंचायत अध्यक्ष लाल टारकेश्वर शाह खुशरो, दामोदर जायसवाल, संजय अग्रवाल, मंगलचंद जैन, हेमलता ठाकुर ,चेतन देवांगन, मन्नू चंदेल, बीएमओ मनीष बघेल, बीपीएम बृजेश ताम्रकार सहित स्वास्थ्य विभाग का स्टाफ उपस्थित था।

#### अधिकारी रहे अनुपस्थित

बैठक में अनुविभागीय अधिकारी, जनपद सीईओ, मुख्य नगरपालिका अधिकारी, पीडब्ल्यूडी, पीएचई और विद्युत विभाग के सहायक अभियंता नदारद रहे। जनप्रतिनिधियों का कहना है कि संबंधित विभागों के अधिकारियों के न होने से तकनीकी कार्यों और पुराने प्रस्तावों की समीक्षा नहीं हो पा रही है।

# रकबा नहीं सुधरने से धान नहीं बेच पा रहे दर्जनों किसान



हरिभूमि न्यूज ▶▶ घिचोला

■ कई दिनों से दफ्तरों के चक्कर काट रहे किसान

एग्री स्टेग पोर्टल में पंजीयन के दौरान तकनीकी समस्या के चलते किसान धान बेचने से वंचित हो रहे हैं। कई किसान सुधार के लिए पटवारी से लेकर जिला कार्यालय का चक्कर लगा रहा है लेकिन आवेदन देने के बाद भी उनकी समस्या का समाधान नहीं हो रहा है। ऐसा एक मामला ग्राम पीटेपानी का सामने आया है। ग्राम का किसान अमरनाथ सिन्हा के नाम से 2.50 एकड़ जमीन है जिसमे वह खेती कर धान बेचते आ रहा है। इस बार पोर्टल में एक एकड़ रकबा दिखा रहा है जिसके सुधार के लिए, लगातार चक्कर काट रहा है किन्तु अब तक सुधार नहीं हो सका है। किसान का कहना है कि इस आधार पर केसीसी सहित अन्य जगहों से कर्ज ले चुका है लेकिन अब पूरा धान नहीं बिकने के कारण भुगतान को लेकर दिक्कत खड़ी हो गई है। शिकायत का समाधान नहीं होने के बाद गुरुवार को कांग्रेस के धरना में शामिल होकर अपनी बात रखा। विधायक दलेश्वर साहू ने निराकरण कराने का आश्वासन दिया है।

### कथा का समापन 12 को

**लालबहादुर नगर।** गोविंदपुर में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन 4 से 12 जनवरी तक रखा गया है। आयोजक खिलेश्वर साहू ने बताया कि कथा के पांचवें दिन श्री कृष्णा बाल लीला, गोवर्धन पूजा, रुक्मणी विवाह के प्रसंग पर कथा का वाचन पंडित बाल जितेंद्र महाराज ने किया। उन्होंने प्रकृति पूजा पर जोर देते हुए सभी से एक पौधा लगाने का संकल्प दिलाया। कथा समापन आगामी 12 जनवरी को तुलसी वर्षा, भंडारा के साथ होगा।

# आज मनायी जाएगी रामानंदाचार्य जयंती



हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

कार्यालय अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ ने रामानंदाचार्य जयंती भव्य रूप से मनाने का निर्णय लिया। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ के कार्यालय प्रमुख वैभव निर्वाणी, दुर्गा प्रसाद तिवारी एवं आकाश शर्मा ने बताया कि विगत दिनों राम जानकी बाला बाबा मंदिर में संघ की आवश्यक बैठक संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी, प्रदेश सचिव डोमन दास महाराज, जिला प्रभारी निखिल दास वैष्णव की उपस्थिति में संपन्न हुआ।

बैठक में संघ द्वारा स्वामी श्री रामानंदाचार्य महाराज का 726वां जयंती महोत्सव कल 10 जनवरी को मनाने का निर्णय लिया गया है। बैठक में संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने बताया कि विलिप्त होते हुए वेद, पुराणों व उपनिषदों को अपनी लेखनी द्वारा उन्हें स्थापित किया। वैष्णवत्व के प्रचार के लिए 12 शिष्यों का विशेष समूह बनाया था। जिसमें प्रमुख रूप से चैतन्य महाप्रभु कबीर दास, संत शिरोमणी रैदास, पीपा स्वामी, स्वामी नारायण जैसे प्रमुख संतो को विभिन्न समाज में वैष्णवत्व का प्रचार करने भेजा गया था।

#### संगठन के विस्तार पर चर्चा

बैठक का संचालन युगल किशोर वैष्णव तथा आभार प्रदर्शन ज्ञानेश्वर दास वैष्णव, अभिषेक चौबे द्वारा किया गया। बैठक में देवकुमार निर्वाणी, डोमन दास महाराज, निखिल दास वैष्णव, आकाश शर्मा, विवेक त्रिपाठी, युगल वैष्णव, भोलादास वैष्णव, अभिषेक चौबे, ज्ञानेश्वर दास वैष्णव, रेवती रमन वैष्णव शामिल थे। बैठक में गौरव श्रीवास्तव, जयदीप शर्मा, आदर्श ठाकुर को जिला मीडिया का प्रभार दिया गया है। संगठन विस्तार की दृष्टि से जागेश्वर दास वैष्णव को जिला बालोद प्रभारी एवं भोलादास वैष्णव को जिलाध्यक्ष बालोद का बनाया गया है। उक्त जानकारी वैभव निर्वाणी, दुर्गा प्रसाद तिवारी, आकाश शर्मा ने दी।

# अवैध शराब के साथ भाजयुमो नेता गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

एक समय अवैध शराब का विरोध करने वाले भाजपाई अब खुद ही इस धंधे में लिप्त हो गए है जिसका खुलासा हाल में पुलिस कार्रवाई से हुआ है। पुलिस ने भाजयुमो से जुड़े एक पदाधिकारी को शराब के साथ पकड़ा है।

वहीं इस धंधे में शामिल लोग अब भी राजनीतिक प्रभाव के चलते कार्रवाई से दूर हैं।

#### पुलिस कार्रवाई से हड़कंप

जानकारी के अनुसार पुलिस ने मुखबिर से सूचना मिलने पर ग्राम राजाखुज्जी में दबिश दी और मौके से राजीव गिरी गोस्वामी उर्फ राजू गिरी गोस्वामी को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 69 पाव देशी शराब बरामद की गई। बताया जाता है कि भाजयुमो में सोशल मीडिया का काम देखने वाला यह व्यक्ति लंबे समय से इलाके में शराब कोचिया का काम कर रहा था। इसी प्रकार पुलिस ने साल्हे मार्ग पर एक अन्य कार्रवाई में नुतन कुमार सिन्हा को 35 पाव देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। दोनों मामलों में पुलिस ने कुल 104 पाव देशी शराब जब्त किया है जिसकी कीमत करीब 8320 रुपए है। आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34 (2) के तहत केस दर्ज किया गया है।

शहर के विभिन्न वार्डों और गांवों में शराब का धंधा काफी समय से चलते आ रहा है। एसपी अंकिता शर्मा की स्थापना के बाद उनके तीखे तेवर को देखते हुए अवैध शराब, गांजा सहित अन्य मादक पदार्थों की बिक्री पर काफी हद तक कमी आई है। वहीं पुलिस भी जानकारी मिलते ही कार्रवाई करने से परहेज नहीं कर रही है।

## आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत

**राजनांदगांव।** कलेक्टर जितेन्द्र यादव ने दैवीय विपत्तियों के संबंध में राहत मद अंतर्गत आपदा प्रभावितों को सहायता राशि स्वीकृत की है।

इसके अंतर्गत डोंगरगढ़ तहसील अंतर्गत तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, नाला में बहने से पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए, बिच्छू के काटने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए एवं छुरिया तहसील अंतर्गत आंधी-तूफान से दीवाल गिरने से दबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए तथा डोंगरगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से 10 मकान आंशिक क्षति होने पर 40 हजार रुपए, बिच्छू काटने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए और राजनांदगांव तहसील अंतर्गत अतिवृष्टि से एक मकान आंशिक क्षति होने पर 4 हजार रुपए, बांधा तालाब के पानी में डूबने से एक जनहानि होने पर 4 लाख रुपए की सहायता आपदा प्रभावितों एवं उनके आश्रितों को स्वीकृत की गई है।

# परीक्षा पे चर्चा में पालकों के शत-प्रतिशत पंजीयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव



परीक्षा पे चर्चा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देशभर के बच्चों, पालकों एवं शिक्षकों से परीक्षा की तैयारी के संबंध में, परीक्षा के समय तनाव मुक्ति, अच्छे अंक कैसे प्राप्त करें, परीक्षा परिणाम के लिए तैयार, परीक्षा के समय स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान, परीक्षा के समय पालकों की भूमिका एवं अन्य विषयों पर चर्चा करेंगे। इसके लिए अभी पंजीयन की प्रक्रिया चल रहा है। जिसमें शिक्षकों, विद्यार्थियों और पालकों द्वारा पंजीयन किया जा रहा है।

इस विशेष अभियान में शा.उ. मा. विद्यालय तिलईरवार के व्याख्याता थंगेश्वर कुमार साहू द्वारा विशेष अभियान चलाते अपने विद्यालय के सभी विद्यार्थियों का शत-प्रतिशत पंजीयन करवाए और कुल 247 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछते पंजीयन किए हैं और बच्चों के पालकों से संपर्क करते लगभग शत-प्रतिशत पालकों का पंजीयन आपके संपर्क साधने से हो रहा है।

जिसमें रेशमलाल पटेल, दसरूराम, चंद्रकुमार साहू, नारद, लोचन, प्रकाश कुमार, बाबूलाल, गंगाराम, कौशलराम धनुराम, प्रताप सिंह, पीतांबर, गुमान दास, भारत, राजकुमार, देवशरण भागचंद, मस्तराम, भागवत, उदयराम, दुखुराम, व्यास नारायण, कार्तिक राम, हेमराज, नारद, धीरपाल, दुधीराम ,राम सिंह, हीरालाल, मंगलुराम, खेम कुमार आदि पालकों ने प्रश्न पूछते उत्साहपूर्वक परीक्षा पर चर्चा में पंजीयन किए हैं। पालकों के शत-प्रतिशत पंजीयन अभियान में जुटे थंगेश्वर कुमार साहू के कार्य को प्राचार्य एवं समस्त स्टॉफ एवं सरपंच, शाला प्रबंधन विकास समिति के सदस्यों ने प्रशंसा की।

### हिन्दू सम्मेलन में उमड़े लोग, सामाजिक एकता और राष्ट्र रक्षा का आव्हान

# संगठित हिन्दू समाज से ही देश की सुरक्षा संभव : भार्गव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ डोंगरगांव

साकेतधाम में शुक्रवार को हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया गया। इस अवसर पर गायत्री मंदिर से कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें बड़ी संख्या में महिलाएं एवं जन प्रतिनिधि शामिल हुए। कलश यात्रा गायत्री मंदिर से सदर लाईन, फव्वारा चौक, मेन रोड, राजीव चौक होते हुए साकेत धाम पहुंची। यहां आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न समाज प्रमुखों को सम्मानित किया गया। तत्पश्चात मानस की मधुर प्रस्तुति हुई। हिंदू सम्मेलन में वक्ताओं ने हिंदू समाज की एकजुटता और राष्ट्र रक्षा का आह्वान किया। सर्व समाज द्वारा आयोजित हिंदू सम्मेलन में दिनेश गांधी लक्ष्मीनारायण गुप्ता, एनके लहरे, डिकेश साहू अजय वैष्णव, दिग्विजय शांडिल्य, रेवादास मानिकपुरी, प्रेम गोस्वामी, भजन साहू, निर्मल सिन्हा, रंजीत पटौदी, पद्मिनी ठाकुर, सीता गुप्ता, चंद्रकला गुप्ता, हिना मंगल जैन, ममता उके, ऋतु सोनकर, पार्वती साहू, बरखा गुप्ता, माहेश्वरी गजीर, रानी तिवारी सहित अन्य उपस्थित थे।








#### सक्षम बने महिलाएं

राष्ट्र सेविका समिति की जिला कार्यवाहिका ऋतु शर्मा ने मातृशक्ति को संबोधित करते हुए कहा कि हिंदू समाज की मजबूती में महिलाओं का योगदान सदैव सर्वोपरि रहा है। जीजाबाई और रानी लक्ष्मीबाई जैसी वीरांगनाओं का आदर्श हमारे सामने है। एक जागरूक और संस्कारवान माँ ही एक समर्थ राष्ट्र का निर्माण कर सकती है। परिवारों में धर्म और संस्कृति के संस्कार डालना आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है। मानस मर्मज्ञ वेदांती पुरुषोत्तम राजपूत ने वेद की ऋचाओं और रामचरितमानस की चौपाइयों के माध्यम से सामाजिक समरसता का संदेश दिया था, उन्होंने कहा कि,आज के सम्मेलन का मूल मंत्र है। मर्यादा पुरुषोत्तम का जीवन हमें अनुशासन और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है।

#### भारतमाता की आरती से समापन

सम्मेलन का समापन भारत माता की आरती से हुआ। सम्मेलन में डोंगरगांव और खुज्जी मंडल की मातृशक्ति और सामाजिकजन शामिल हुए। संचालन हिंदू सम्मेलन के संयोजक रामकुमार गुप्ता, आभार प्रदर्शन अंजू त्रिपाठी ने किया।

#### संस्कृति पर करें गर्व

हिंदू जागरण मंच के संगठन मंत्री राजेश भार्गव ने राष्ट्रवाद पर जोर देते हुए कहा कि हमें अपनी पहचान और संस्कृति पर गर्व होना चाहिए। हिंदू समाज को जातिगत भेदभाव और ऊंच-नीच की भावनाओं से ऊपर उठकर राष्ट्र रक्षा के लिए एक सूत्र में पिरोना होगा। उन्होंने कहा कि जब समाज संगठित होता है, तभी राष्ट्र सुरक्षित रहता है। कबीर मठ के महंत गिरवर साहेब ने आध्यात्मिक समरसता की बात करते हुए कहा धर्म का वास्तविक अर्थ सेवा और मानवता है। कबीर साहेब ने सदैव समाज को जोड़ने का कार्य किया। आज समय की मांग है कि हम संत समाज के मार्गदर्शन में अपनी सांस्कृतिक जड़ों की ओर लौटें और समाज के अंतिम व्यक्ति को गले लगाएं।

### जिले में 86934 किसानों से 1080 करोड़ का धान की खरीदी

# अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 1255413 क्विंटल धान का उठाव

**हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव**

जिले में धान खरीदी अभियान से किसानों में खुशी और उल्लास है। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 अंतर्गत धान खरीदी महाभियान के तहत शासन द्वारा समर्थन मूल्य एवं कृषक उन्नति योजना के तहत किसानों से 3100 रुपए प्रति क्विंटल की दर और प्रति एकड़ 21 क्विंटल तक के मान से धान खरीदी की जा रही है।

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशन में धान खरीदी सुचारू संचालन के लिए अच्छी व्यवस्था की गई है। धान खरीदी कार्य के लिए इलेक्ट्रानिक तौल मशीन, पेयजल, छांव, बायोमैट्रिक डिवाईस मशीन, श्रमिक एवं अन्य व्यवस्था की गई है। आर्द्रता मापी यंत्र से किसानों के धान का परीक्षण किया जा रहा है। जिले के सभी 96 धान खरीदी केन्द्रों में धान खरीदी की दर एवं सूची व फ्लैक्स लगाए गए हैं।

कलेक्टर ने धान खरीदी केन्द्रों की सतत निगरानी रखने तथा कोचियों एवं बिचौलियों से अवैध धान की खरीदी पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए है।

धान बिक्री के लिए किसान टोकन तुंहर हाथ मोबाइल एप के माध्यम से टोकन प्राप्त कर रहे हैं। जिससे उनके समय की बचत हो रही है और उन्हें सुविधा मिल रही है।



**उठाव लगातार जारी** उल्लेखनीय है कि अब तक जिले में 86934 पंजीकृत किसानों से 1080 करोड़ 33 लाख 37 हजार रुपए मूल्य का 4550539.20 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। धान का उठाव भी लगातार जारी है। अब तक धान उपार्जन केन्द्रों से 1255413.60 क्विंटल धान का उठाव किया गया है।

## माहुद मचान्दुर शाला ओवरऑल चैंपियन

**हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला**

जोन स्तरीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन माहुद मचान्दुर में ग्रामवासियों के सहयोग से किया गया। आयोजन का उद्घाटन सतीश चंदेले, धर्मपाल बोरकर,जनपद पंचायत सभापति खेमलाल साहू, सरजूलाल बाम्बेसर, सरपंच परमेश्वर खरे,पीलाराम साहू, जामन साहू, भुनेश्वर, जयप्रकाश, संजय, प्रजेश रामटेके,धर्मेन्द्र रामटेके, अजय श्रीवास शंकर सोनी ने किया। अंतिम दिन पुरस्कार वितरण जिला पंचायत अध्यक्ष नम्रता सिंह के आतिथ्य में किया गया। कार्यक्रम में भूपेन्द्र मंडावी, संदीप साहू, खेमलाल साहू, दिलीप कुंभकार,परमेश्वर खरे, सौरभ मिलिंद, जामन साहू, पीलाराम साहू आदि शामिल हुए। फील्ड मार्शल पूर्णिमा यादव के नेतृत्व में मार्च पास्ट करते हुए अतिथियों को प्रतिभागी बच्चों ने सलामी दी।

प्राथमिक विभाग बालक वर्ग की 80 मीटर दौड़ में केवल प्रथम, मनजीत द्वितीय , लंबी कूद एवं सुरीली कुर्सी कैलिश प्रथम, डोमेन्द्र सेकंड, बोरा दौड़ मनजीत फर्स्ट, दुलेश सेकंड, खो खो आश्रम बूटकसा फर्स्ट, मचान्दुर सेकंड, कबड्डी आश्रम बूटाकसा प्रथम, माहुद द्वितीय, बालिका वर्ग की 80 मीटर दौड़ में संध्या प्रथम, अदिति द्वितीय, लंबी कूद पूनम प्रथम, उमेश्वरी द्वितीय, सुरीली कुर्सी टिकेश्वरी प्रथम, अंजलि द्वितीय ,रस्सी छलांग पूर्वी प्रथम, वर्षा द्वितीय, गोली चम्मच चमेली प्रथम कुसुम लता द्वितीय, खो खो बूटाकसा प्रथम, मचान्दुर द्वितीय, कबड्डी में भुरभुसी प्रथम केसरीटोला द्वितीय रहे। प्राथमिक विभाग में ओवरऑल चैंपियन आश्रम बूटाकसा, उप चैंपियन




### सौ मीटर दौड़ में योगेश प्रथम

माध्यमिक विभाग बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में योगेश प्रथम,आरुष द्वितीय, 200 मीटर दौड़ सोहन प्रथम, निवेद द्वितीय, 400 मी. सोहन प्रथम, प्रिंस द्वितीय, 600 मीटर दौड़ सुखनंदन प्रथम, योगेश द्वितीय, लंबीकूद योगेश्वर प्रथम, योगेश द्वितीय, गोला फेंक सोहन प्रथम, हिमेश द्वितीय, खो -खो माहुद मचान्दूर प्रथम ,आतरगांव द्वितीय, कबड्डी माहुद मचान्दुर प्रथम, बुटाकसा द्वितीय, रास्साकसी आतरगांव प्रथम माहुद मचांदूर द्वितीय, बालिका वर्ग की 100 मीटर दौड़ में निमिषा प्रथम, आसमी द्वितीय, 200 मी.दौड़ निमिषा प्रथम, प्रियंका द्वितीय, 400 मीटर दौड़ निमिषा प्रथम, रिया द्वितीय, 600 मीटर दौड़ हरीला प्रथम, साक्षी द्वितीय, लंबीकूद प्रेरणा प्रथम, हरीला द्वितीय, गोला फेंक यानी प्रथम, कीर्ति द्वितीय, खो खो माहुद मचान्दुर प्रथम, बुटाकसा द्वितीय, कबड्डी केसरीटोला प्रथम, पांगरी द्वितीय, रस्साकसी बूटाकसा प्रथम, पांगरी द्वितीय रहा। ओवरऑल चैंपियन माहुद मचान्दुर एवं उप चैंपियन बुटाकसा रहा।

### खबर संक्षेप

#### सीसी रोड के लिए राशि स्वीकृति

**राजनांदगांव।** जिला पंचायत सीईओ सुरूचि सिंह ने जिला पंचायत विकास निधि अंतर्गत राजनांदगांव विकासखंड के ग्राम मोहबा में वार्ड क्रमांक 11 शीतला मंदिर मार्ग में सीसी रोड निर्माण कार्य के लिए 2 लाख रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। उन्होंने निर्माण एजेंसी को समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं।

#### लैंगिक अपराध, आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** एक मासूम बालक से लैंगिक अपराध करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार एक पांच वर्षीय मासूम बालक के साथ लैगिंग अपराध करने के मामले में पुलिस ने जांच पड़ताल करते हुए पुलिस टीम द्वारा आरोपी का पता तलाश कर 9 जनवरी को आरोपी समीर सहारे को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया।

## फुटबॉल लीग में काका एफसी और सुपर स्ट्राइकर्स का दबदबा

**राजनांदगांव।** स्टेट हाईस्कूल ग्राउंड राजनांदगांव में आयोजित वासुदेव इंफ्रा राजनांदगांव फ्लड लाइट फुटबॉल लीग प्रतियोगिता लगातार रोमांचक होती जा रही है। दूधिया रोशनी में खेले जा रहे मुकाबलों को देखने बड़ी संख्या में दर्शक पहुंच रहे हैं।

6 जनवरी को खेले गए मैचों में पहला मुकाबला हरिओम ऑटो बनाम काका एफसी के मध्य हुआ। काका एफसी ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते 4-0 से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच यश रामटेके रहे। दूसरा मुकाबला मार्निंग 11 बनाम एज़ी हार्डवेयर के मध्य हुआ। दोनों टीमों के बीच कड़ा मुकाबला 0-0 से ड्रॉ रहा। मैन ऑफ द मैच भुनेश्वर बने। तीसरा मुकाबला गुरुदेव एफसी बनाम सुपर स्ट्राइकर्स के मध्य हुआ। सुपर स्ट्राइकर्स ने संघर्ष पूर्ण मुकाबले में 3-0 से शानदार जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच विक्रम राजपूत थे। चौथा मुकाबला हिंदू युवा मंच बनाम अपना मार्ट योद्धाज़ के बीच हुआ। हिंदू युवा मंच ने प्रभावशाली खेल दिखाते 3-0 से जीत हासिल की। इस मैच के मैन ऑफ द मैच विनय यादव घोषित किए गए।

### मिला पुरस्कार

प्रतिदिन खेल जा रहे मैचों के घोषित मेन ऑफ द मैच को अतिथि द्वारा पुरस्कार प्रदान कर दिए जाते हैं। सभी मैचों के निर्णायक अखिलेश मिश्रा, राजेंद्र तिवारी, नवीन शर्मा, चंदन वैष्णव एवं टेक्निकल टेबल पर एमटी भद्र एवं राम साहू ने अपनी सेवाएं दी। मेन ऑफ द मैच का पुरस्कार एमटी भद्र व लक्ष्मण लोहिया ने प्रदान किया।

## निर्माणाधीन मार्ग बना लोगों के लिए सजा

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**

राजनांदगांव खैरागढ़ मुख्य मार्ग पर जारी सड़क निर्माण कार्य आम जनता के लिए मुसीबत बन गया है। करोड़ों रुपये की लागत से बन रही इस सड़क पर उड़ती धूल ने जनजीवन को बेहाल कर दिया है। हालात यह हैं कि इस रोड से गुजरने वाले राहगीर, सड़क किनारे रहने वाले ग्रामीण और दुकानदार सभी गंभीर परेशानी झेलने को मजबूर हैं जबकि जिम्मेदार लोक निर्माण विभाग और निर्माण एजेंसी हालात को सामान्य बताकर अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ रहा है। सड़क चौड़ीकरण के लिए कई स्थानों पर सड़क की खुदाई की गई है। खुदाई के किनारे मुरूम और जीरा गिट्टी डालकर अस्थाई डायवर्सन बनाया गया है। वहीं मुख्य सड़क पर भी जीएसबी जीरा गिट्टी डाली गई है जिसके चलते पूरे रोड पर धूल का गुबार बना रहता है और वाहन चालकों सहित राहगीरों का चलना दूभर हो गया है।



### पानी छिड़काव का दावा

विभागीय अधिकारियों का दावा है कि सड़क पर नियमित पानी का छिड़काव कराया जा रहा है, लेकिन जमीनी हकीकत इससे उलट है। ग्रामीणों के अनुसार 5 किलोमीटर लंबे हिस्से में दिनभर में सिर्फ एक टैंकर पानी डाला जाता है, वह भी औपचारिकता निभाने के लिए। नतीजा यह है कि पानी सूखते ही धूल फिर उड़ने लगती है और दिनभर हालात बद से बदतर बने रहते हैं। ठेलकाडीह निवासी पियूष ने बताया कि वे रोज सुबह करीब 9 बजे घर से निकलते हैं और लगभग 14 किलोमीटर का सफर तय कर कार्यस्थल पहुंचते हैं लेकिन सड़क पर उड़ती धूल के कारण पहुंचते-पहुंचते उनकी शर्ट पूरी तरह लाल हो जाती है और उन्हें मजबूरी में कपड़े बदलने पड़ते हैं। उनका कहना है कि यह समस्या रोज की हो गई है। सहसपुर दल्ली निवासी देवदास, जिनका घर सड़क किनारे स्थित है, बताते हैं कि पानी नहीं डाले जाने के कारण धूल सीधे घर के अंदर घुस रही है। घर में रहना मुश्किल हो गया है। सांस लेने में तकलीफ, खांसी और एलर्जी जैसी समस्याएं बढ़ रही हैं।

## सोशल मीडिया में अश्लील टिप्पणी भाजयुमो ने की थाना में शिकायत

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**

सोशल मीडिया प्लेटफार्म अतंर्गत वाट्सअप ग्रुप में जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अमर्यादित टिप्पणी से नाराज भाजयुमो ने थाना में आवेदन सौंपकर कारवाई की मांग की है।

जिला भाजयुमो अध्यक्ष आयश सिह बोनी, मंडल अध्यक्ष दिनेश वर्मा, डॉ शैलेंद्र त्रिपाठी, ऋषभ सिंह, मुकेश वर्मा, हर्षवर्धन वर्मा, अनीष सिंह दादू, प्रशांत कंडरा, मनीष ढीमर, शिवांश बहादुर सिंह, मंजीत सिंह ठाकुर, मनीष कंडरा सहित अन्य ने थाने में सौंपे आवेदन में कहा है कि सोशल मीडिया साइट में फैक्ट्री हटाओ गॉव बचाओ नामक समूह में बीते कई दिनों से भाजपा सहित कांग्रेस के क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों के खिलाफ अनर्गल टिप्पणी की जा रही थी, लेकिन अब वो अभद्र भाषा और अश्लील गाली गलौच मे बदल गई है। उन्होंने कहा कि उक्त गुप्र क्षेत्रीय लोगों में विचारों के आदान प्रदान के लिए बनाया गया है, लेकिन ग्रुप में शामिल लक्की व बृजभूषण नामक व्यक्तियों द्वारा क्षेत्रीय जनप्रतिनियों के खिलाफ अम्रद शब्दों का उपयोग करते हुए चैटिंग किया गया हैं।



जनप्रतिनिधियों के साथ अभद्र व अपमानजनक शब्दों का प्रयोग करते हुए उनकी प्रतिष्ठा व सम्मान को धूमिल किया गया है। आमजन में नफरत फैलाने का प्रयास किया गया है जो भारतीय न्याय संहिता की धारा 196, 296, 356 व धारा 66 सूचना प्राचौगिकी अधिनियम के तहत दंडणीय हैं।

उन्होंने थाना प्रभारी अनिल शर्मा से मामले को तत्काल संज्ञान में लेकर लक्की, बृजभूषण के अलावा चैटिंग मे शामिल अन्य लोगों सहित गुप्र एडमिन के खिलाफ जांच कर दोषियों के खिलाफ कानून सम्मत कारवाई करने की मांग की है।

## कच्चे मकान में आग, घरेलू सामान खाक

**हरिभूमि न्यूज ⏭ सड़क अतरिया**

ग्राम चकनार में शुक्रवार की शाम उस वक्त अफरा तफरी मच गई जब एक ग्रामीण का कच्चा मकान में आग लगने की खबर ग्रामीणों को मिली।

प्राप्त जानकारी अनुसार चकनार वार्ड क्रमांक 13 के निवासी संतोष मरकाम पिता परेटन के घर शाम करीब साढ़े छः बजे धुआं उठते देखा गया। जब घर वाले जाकर देखे, तो घर में आग लग गई थी। मकान कच्चा होने के कारण आग तेजी से फैलने लगी। तब तक ग्रामीण भी बड़ी संख्या में मौके पर एकत्र हो गये थे और आग को बुझाने का प्रयास किया। इस दौरान तत्काल अग्निशामक को घटना की सूचना दी गई। समाचार लिखे जाने तक आग पर काबू नहीं पाया गया था। आग तेजी के साथ घर के अन्य हिस्सों में फ़ैल रही थी। इस आगजनी में अनाज, कपड़ा, घरेलू सामान आदि जल कर राख होने की आशंका है।



### दीपक से लगी आग

आगे मिली मिली जानकारी अनुसार आग लगने का स्पष्ट कारण पता नहीं चल पाया है। घर वालों के बताए अनुसार शाम को घर में दीपक जलाया गया था। आशंका जताई जा रही है कि चूहा जलते दिए की बाती को किसी कोने पर ले गया। जहां पर रखे कुछ घरेलू सामान में आग पकड़ लिया और वही आग तेजी से फ़ैल गई। आग लगने का पता चलते ही उक्त घर वालों ने तत्परता दिखाते हुए गैस को तत्काल घर से बाहर निकाल दिया था।

### मोहल्ले वाले सहमे

आग लगे घर के समीप ही अन्य ग्रामीणों का घर भी लगा हुआ है। आग तेजी से बढ़ने के कारण समीप के रहवासी सहम गये थे कि आग उनके घर तक न पहुंच जायें। ग्रामीणों की सक्रियता से आग लगे घर के आस पास पानी का छिड़काव किया जा रहा था, ताकि आगजनी की घटना को सीमित किया जा सके।

### मिलेगा मुआवजा

चकनार में एक ग्रामीण के घर आगजनी से काफी क्षति होने की जानकारी मिली है। नुकसान का आकलन एवं प्रकरण तैयार कर ग्रामीण को सरकार से मुआवजा दिलाया जायेगा।

- **प्रियंका खम्हन ताम्रकार,** जिला पंचायत अध्यक्ष

## गर्भवती महिलाओं का किया गया निःशुल्क सोनोग्राफी

**राजनांदगांव।** प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान अंतर्गत जिले में गर्भवती महिलाओं को प्रसव पूर्व देखभाल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से प्रत्येक माह की 9 एवं 24 तारीख को विशेष स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत उच्च जोखिम वाली गर्भवती महिलाओं को निःशुल्क जांच, उपचार एवं आवश्यक परामर्श प्रदान किया जाता है। कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत हाई रिस्क वाली महिलाओं की सूची बनाकर प्रत्येक सप्ताह फोन के माध्यम से स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली जा रही है तथा आवश्यक स्वास्थ्य संबंधी सलाह दी जा रही है। अभियान के अंतर्गत उन महिलाओं की जांच की जाती है। जिसका पहला प्रसव ऑपरेशन से हुआ हो, पहले गर्भपात या मृत शिशु का जन्म हुआ हो, जिनका वजन या उंचाई कम हो, कम उम्र में गर्भधारण किया हो, गंभीर एनीमिया, उच्च रक्तचाप, मधुमेह या किसी अन्य बीमारी से ग्रसित हो। प्रसव के 15 दिन पूर्व गर्भवती महिलाओं के घर प्रतिदिन मितानिनों द्वारा भ्रमण किया जा रहा है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. नेतराम नवरतन ने बताया कि अभियान के तहत जिले के हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं का इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की सहायता से कुल 46 हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी किया गया है। जिसमें विधि डायग्नोस्टिक द्वारा 20, सुंदरा अस्पताल द्वारा 20 एवं राजनांदगांव डायग्नोस्टिक सेंटर द्वारा 6 हाई रिस्क वाली गर्भवती महिलाओं का निःशुल्क सोनोग्राफी किया गया।

### यातायात पुलिस सड़क पर उतरकर दे रही समझाईश

# यातायात पुलिस चला रही चौक चौराहों पर जागरूकता अभियान

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**

सड़क दुर्घटना और दुर्घटना से मृत्यु दर में कमी लाने के साथ साथ यातायात नियमों के प्रति लोगों में जागरूकता लाने सडक़ सुरक्षा माह तहत यातायात पुलिस सड़क पर उतरकर लगातार समझाइश दे रही है।

यातायात संबंधी सामान्य नियमों का पालन कराने, नियमों के प्रति जागरूकता लाने दोपहिया वाहन चालको को हेलमेट से सुरक्षा और चार पहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट लगाकर वाहन चलाने कह रही है। इसके साथ ही वाहन संबंधी सभी यथा रजिस्ट्रेशन, बीमा फुल फील रखने चालकों को प्रोत्साहित कर रही है। चौक चौराहों में बैनर, वाहन चेकिंग करते हुए छोटे बड़े वाहनों में जागरूकता के लिए पोस्टर बैनर लगाने के अलावा रेडियम पट्टी नही होने के चलते रात के मसय दुर्घटना की संभावना को देखते हुए रेडियम पट्टी भी लगा रही है। जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम से वाहनों में अतिरिक्त एलईडी लाइट नही लगाने, सीट बेल्ट व हेलमेट का उपयोग करने, शराब सेवन कर वाहन न चलाने, बिना ड्राइविंग लाइसेंस के वाहन न चलाने, मालवाहक वाहनों पर सवारी नही ले जाने और नाबालिग बच्चों को दो पहिया-चार पहिया वाहन चलाने नही देने की अपील कर रही है।




### दुर्घटनाजन्य क्षेत्र चिन्हांकित

एक अप्रैल से पहले वाहनो मे एचएसआरपी नंबर प्लेट लगाने, गुड सेमेरिटन की जानकारी दे रही है। सुरक्षा माह अंतर्गत यातायात से संबंधित सुगम, निर्बाध, सुव्यवस्थित और सुचारू रूप से आवागमन संचालन के लिए कार्य योजना तैयार कर संभावित सडक दुर्घना मे कमी लाने दुर्घटना जन्य क्षेत्रों का निरीक्षण कर चिंहाकित किया जा रहा है। इसके अलावा यातायात पुलिस सभी वाहन चालको से यातायात नियमों के निर्धारित मापदंडो का पालन करने अपील कर रही है।

### राष्ट्रीय गणित दिवस मना

**राजनांदगांव।** शा. दिग्विजय महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता के निर्देशन एवं गणित विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. केके देवांगन के मार्गदर्शन में गणित विभाग द्वारा राष्ट्रीय गणित दिवस 2025 का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता डॉ. ओमकारलाल श्रीवास्तव प्राध्यापक शा. कमलादेवी राठी कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय राजनांदगांव शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत करते डॉ. कविता साकुरे ने मुख्या वक्ता डॉ. ओमकारलाल श्रीवास्तव से सभी को परिचित करवाया। विभागाध्यक्ष डॉ. केके देवांगन ने कार्यक्रम की रूपरेखा की जानकारी दी। प्राचार्य डॉ. सुचित्रा गुप्ता ने कहा कि महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की जयंती पर राष्ट्रीय गणित दिवस मनाया जाता है व राष्ट्रीय गणित दिवस मनाए जाने के कारण हम और हमारी पीढियां श्रीनिवास रामानुजन को याद रखे एवं उनकी पदचिन्हों पर चलने का प्रयास करे। साथ ही महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन की संक्षिप्त जीवनी से विद्यार्थियों को संदेश दिया। डॉ. ओमकारलाल श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को पीपीटी के माध्यम से बताया कि रामानुजन ने गणित के क्षेत्र में अद्वितीय योगदान दिया। विशेष रूप से संख्या सिद्धांत, अनंत श्रृंखला और गणितीय विश्लेषण में। उनके कार्यों ने आधुनिक गणित को नई दिशा दी। उन्होंने 3900 से अधिक गणितीय परिणाम और प्रमेय दिए। जिनमें से कई आज भी शोध का विषय है।

## दलहन-तिलहन फसलों की जिले में समर्थन मूल्य पर खरीदी शुरू

- नाफेड़ एजेंसी के माध्यम से खरीदी शुरू

**हरिभूमि न्यूज ⏭ खैरागढ़**

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान योजना तहत प्राईस सपोर्ट स्कीम अंतर्गत दलहन एवं तिलहन फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य पर जिले मे नाफेड एजेंसी के माध्यम से खरीदी शुरू हो गई है।

कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल के मार्गदर्शन में जिले में अधिसूचित तीन उपार्जन केन्द्रों में से एक बाजार अतरिया में जोरातराई निवासी किसान रामकिशुन पिता सुखीराम से न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रुपए प्रति क्विंटल के हिसाब से 2 क्विंटल सोयाबीन की खरीदी की गई।

नाफेड प्रतिनिधि द्वारा लाए गए सोयाबीन के सैंपल जाँच बाद मानक स्तर का पाए जाने पर नियमानुसार खरीदी किया गया। इस दौरान जिपं सदस्य श्रीमती जमूना कुर्रे, जनपद सदस्य दीक्षा गुप्ता, उप संचालक कृषि राजकुमार सोलंकी, सरपंच विमला वर्मा, समिति प्रबंधक किसोरी लाल चंदेल, देव कुमार सेन सहित अन्य किसान उपस्थित थे।



### सोयाबीन 5328 रुपए प्रति क्विंटल

अधिसूचित उपार्जन केन्द्र बाजार अतरिया, मुढ़ीपार, गंडई में सपोर्ट स्कीम अंतर्गत खरीफ एवं रबी के दलहन व तिलहन फसलों का न्यूनतम समर्थन मूल्य में खरीदी की जाएगी। जिसके अनुसार सोयाबीन रूपए 5328 रू. प्रति क्विंटल, मूंग 8768 रू., उड़द 7800 रू. अरहर 8000 रु. प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। साथ ही सोयाबीन 5 क्विंटल प्रति एकड़ और उड़द, अरहर व मूंग 03 क्विंटल प्रति एकड़ निर्धारित किया गया है। योजना तहत फसलों की खरीदी के लिए किसान एकीकृत किसान पोर्टल या ई समृद्धि पोर्टल में पंजीयन कराने के बाद उपार्जन केन्द्र में बिक्री कर सकते है। भुगतान राशि संबंधित के बैंक खाते में हस्तांतरित किया जाएगा।

## सार समाचार

### अग्रसेन प्रीमियर लीग का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** भगवान श्री अग्रसेन अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अग्रसेन प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ 8 जनवरी को किया गया। मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने बताया कि भगवान श्री अग्रसेन अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अग्रसेन प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ 08 जनवरी को हुआ। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि मनोज अग्रवाल, शरद अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, राम अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, तपन जिंदल, प्रतीक अग्रवाल, कृष्णा लोहिया, दिव्यांश अग्रवाल, भावेश अग्रवाल, अवंत अग्रवाल, नमन अग्रवाल शामिल थे। अग्रसेन प्रीमियर लीग में कुल सात टीम भाग लेगी। जिसमें 66 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। टीम में हनुमान गोयल दाल मिल, श्रीराम इंडस्ट्रीज, श्री श्याम मार्केटिंग, श्री राधे मिनरल्स, प्रिया होजयरी, श्री हरी कारगो तथा धनलक्ष्मी पेपर मिल शामिल है। अतुल अनुराग, विनोद एवं अर्चित अग्रवाल ने बताया कि दुधिया रोशनी में खेले जाने वाला यह खेल 08 से 11 जनवरी तक एवरग्रीन टर्फ मोहारा में 4 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस प्रीमियर लीग में तीन दिन तक 7 मैच एवं अंतिम दिन 11 जनवरी को सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच का आयोजन होगा। यह जानकारी राहुल अग्रवाल ने दी।

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बने कैलाश



**राजनांदगांव।** भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश शर्मा को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर संगठन सहित क्षेत्र में हर्ष, उत्साह और गर्व का वातावरण व्याप्त है। यह नियुक्ति भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नीलू शर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिलाध्यक्ष कोमल राजपूत, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, रमेश पटेल सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं की सहमति से संपन्न हुआ है।

### शराब के नाम पर अनर्गल राजनीति से कांग्रेसी बाज आए



**राजनांदगांव।** मोहारा बायपास में शराब दुकान के कांग्रेस द्वारा विरोध में लगातार आरोपों के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने पलटवार करते कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। एक बयान जारी करते कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि कांग्रेस के पास मुद्दे नहीं है और वो मुद्दाविहीन पार्टी हो चुकी है। कोमल ने कहा कि जिस कांग्रेस सरकार के राज में मानव मंदिर चौक, बस स्टैंड और महावीर चौक तक में शराब बिका करती थी, वो शराब दुकान का विरोध कर अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं। श्री राजपूत ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष पहले घर से निकलते हुए अपने आसपास देखा करें, जहां खुद उनके घर के दोनों ओर बार खुला हुआ है, पहले उसका विरोध करें। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है। जिसके ज्यादातर बड़े नेता शराब घोटाले में जेल में हैं और उनके बहुत से आईएएस भी शराब की दलाली में जेल में हैं और ये लोग शराब की बात ना ही करें तो अच्छा है। श्री राजपूत ने कहा कि सूपा बोले तो बोले, लेकिन अब छलनी भी बोल रही है। जिसमें 74 छेद है।

### मोपेड से शराब ले जाते पकड़ाया



**राजनांदगांव।** मोपेड में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 65 पौवा शराब बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र में मुखबीर सूचना के आधार पर मोहारा-खैरबना मोड़ के पास से अवैध रूप से शराब परिवहन करते पाए जाने से आरोपी जागेश मंडावी 33 साल निवासी बोईरडीह, संतु मंडावी 65 साल पता बोईरडीह के कब्जे से 65 पौवा देशी शोले प्लेन शराब कीमती 5200 रुपए एवं अवैध शराब परिवहन के लिए उपयोग किया गया स्कूटी जुपिटर को जब्त कर आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### दिल्ली के सुप्रसिद्ध नस रोग, दिमाग के विशेषज्ञ प्रत्येक शनिवार राजनांदगाव में

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के मरीजों को अब अपने इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनांदगांव में उपलब्ध होगी। इससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे। नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह आज क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे, जो सिर दर्द, ब्रेन ट्यूमर, पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोंट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोट, घुटनों में दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददाश्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्किनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी एवं मूत्र रोग, हृदय रोग, पेट एवं लिवर रोग, निसंतानता एवं स्त्री रोग तथा चर्म, बाल एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ समय-समय पर अपनी सेवाएं देते रहते है।

### 14 को मनाई जाएगी मकर संक्रांति : शास्त्री



**राजनांदगांव।** इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को षटतिला एकादशी तिथि के दिन मनाया जाएगा। मकर संक्रांति एकादशी के दिन पड़े तो यह बहुत अतिउत्तम योग होता है। इस दिन किया गया धर्म, कर्म और दान उत्तम फल प्रदान करता है। मकर संक्रांति के फल के संदर्भ में श्री सत्यनारायण मंदिर के आचार्य पं. कालूराम शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष संक्रांति कुमारी अवस्था में बाघ पर बैठी हुई, हाथों में गदा धारण किए हुए आ रही है। संक्रांति कुमकुम का लेपन किए हुए हाथों में पुष्प लेकर, पीले वस्त्र धारण किए हुए चांदी के पात्र में दूध का सेवन करते फलों का भक्षण कर रही है। संक्रांति वायव्य की ओर देखते हुए पश्चिम की ओर जा रही है। देश के पश्चिम एवं उत्तरी राज्यों के निवासियों को कष्ट, पशुओं को पीड़ा तथा नववधु एवं स्त्रियों को कष्ट, छोटे बालकों को शारीरिक पीड़ा होने का योग दिखता है। समुद्र तट के निकट स्थित राज्यों पर संकट पैदा हो सकता है। इस वर्ष क्रांति इन राशियों के लिए विशेष रूप से सालभर तक के शुभ फलदायक है। मिथुन, कन्या, मकर, कुंभ राशि के जातकों के लिए विशेष फलदायक है। इसके अलावा मेष, वृष, कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक, धनु एवं मीन राशि के जातकों के लिए कष्टकारक है, जिन राशियों के लिए कष्टकारक है, उन राशियों के जातकों को विशेष रूप से यह दान करना चाहिए। कांसे के पात्र में पंचमेवा भरकर केसर रखकर किसी मंदिर में दान करना चाहिए। दान करने से पीड़ा में कमी और घर में सुख-शांति की प्राप्ति, कष्ट में कमी होती है।

### बास्केटबॉल बालक-बालिका 17 वर्ष के 1006 प्रतिभागी होंगे शामिल

# दिग्विजय स्टेडियम में 11 से 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 15 जनवरी तक दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में देश के 36 राज्यों एवं संस्थाओं की बास्केटबॉल (बालक-बालिका 17 वर्ष) टीमों द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया जाएगा।

69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का 11 जनवरी को सुबह 10 बजे दिग्विजय स्टेडियम में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अध्यक्ष सचिन बघेल, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, कृषि ऊपज मंडी समिति के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सभापति शिक्षा समिति नगर पालिक निगम आलोक श्रोती उपस्थित रहेंगे।




#### प्रतियोगिता की तैयारियां पूर्ण

प्रतियोगिता में देश के आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, उड़ीसा, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, मेजबान छत्तीसगढ़ राज्यों के अलावा सीबीएसई डब्ल्यूएसओ, सीबीएसई, सीआईएससीई, डीएवी, आईबीएसएसओ, आईपीएससी, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय समिति, विद्याभारती के बास्केटबॉल 17 वर्ष में 429 बालक एवं बास्केटबॉल बालिका 17 वर्ष में 402 सहित कुल 1006 प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

#### 15 को प्रतियोगिता का समापन

प्रतियोगिता का 15 जनवरी को सुबह 11 बजे दिग्विजय स्टेडियम में समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय व अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, राजगामी संपदा न्यास के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, राजगामी संपदा न्यास के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे।

### युवा दिवस का आयोजन 12 को

**राजनांदगांव।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को गांधी सभागृह में मनाया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला राजनांदगांव द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान किया जाएगा। युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता, काव्यपाठ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के समस्त स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही आत्मनिर्भर भारत और नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई जाएगी तथा स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं उनके योगदान पर चर्चा होगी। प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी ही शामिल हो सकेंगे। काव्यपाठ और भाषण प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों को 5-5 मिनट का समय दिया जाएगा। काव्य पाठ का विषय उठो, जागो : स्वामी विवेकानंद जी का अमर संदेश रहेगा, जिसे हिंदी या छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रस्तुत किया जा सकेगा। वहीं भाषण हिंदी या अंग्रेजी में होगा। जिसका विषय स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणास्रोत एवं राष्ट्रनिर्माण के पथ प्रदर्शक रहेगा। रंगोली प्रतियोगिता के लिए 45 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। इसका विषय युवा शक्ति एवं स्वामी विवेकानंद पर आधारित होगा। आयोजकों ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता से संबंधित सामग्री स्वयं लानी होगी तथा सहभागिता निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही मान्य होगी।

## एकलव्य की नाबालिग छात्रा ने की खुदकुशी का प्रयास

■ मेडिकल कॉलेज रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी में संचालित केंद्रीय एकलव्य आवासीय विद्यालय में अध्यनरत नाबालिग छात्रा ने खुदकुशी करने के प्रयास का मामला सामने आया है। गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी से पीड़ित छात्रा को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है।

घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय विद्यालय एकलव्य आवासीय विद्यालय मानपुर भवन के अभाव के चलते अंबागढ़ चौकी नगर में संचालित है। यहां मानपुर विकासखंड के आदिवासी अनुसूचित जनजाति के प्रतिभागी 210 छात्रा व 210 छात्र छठवीं से 12वीं तक अध्यनरत है। घटना को लेकर जानकारी मिली है कि गुरुवार दोपहर स्कूल अवधि में दसवीं की एक मानपुर थाना क्षेत्र की 16 वर्षीय आदिवासी छात्रा ने फिनायल पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिसे क्रिटिकल हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी लाया गया, उसके बाद उचित इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है।

इस संपूर्ण मामले में वास्तविक जानकारी देने के लिए केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद प्रकाश तथा सहायक आयुक्त संजय कुर्रे उपलब्ध ही नहीं हो रहे हैं। इसके पूर्व भी केंद्रीय विद्यालय में बेहद गंभीर घटना घटित हो चुकी है। होनहार आदिवासी नाबालिक छात्रा के इस गंभीर मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से अंबागढ़ चौकी पुलिस के समक्ष गुरुवार शाम को एक डॉक्टरी मेमो पहुंचा है। स्थानीय उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी भी नहीं है।

### बांस-बल्लियों की चोरी आरोपी गिरफ्तार

**डोंगरगढ़।** ग्राम खुबटोला प्राथमिक शाला के पास रखे सभी निर्माण कार्य में उपयोग होने वाले बांस-बल्लियों की चोरी करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार प्रार्थी पवन बैरागी ने रिपोर्ट दर्ज कराया था कि एमएन कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा जल जीवन मिशन के अंतर्गत ग्राम खुबटोला में माह फरवरी-मार्च 2025 से पानी टंकी का निर्माण कार्य चल रहा है। ग्राम खुबटोला प्राथमिक शाला के पास निर्माण कार्य में लगने वाली बांस-बल्लियां एवं अन्य सामग्री खुले मैदान में रखी हुई थी। 5 जनवरी को सुबह 7 बजे जब प्रार्थी ग्राम खुबटोला जाकर देखा तो टीन चादर 10-15 नग, टीएमटी सरिया लगभग 30 नग, रापा 4 नग, ढमेला 6 नग, सब्बल 1 नग, तसला 4-5 नग, बल्लियां 60 नग एवं अन्य सामग्री कुल कीमत लगभग 40,000 रुपए की चोरी हो चुकी थी। रिपोर्ट पर धारा 303(2) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

पुलिस के अनुसार इस मामले में पुलिस की अलग-अलग टीम बनाकर संदिग्धों से पूछताछ की गई। विवेचना के दौरान संदेही जयलाल नंदेश्वर से पूछताछ करने पर आरोपी ने अपराध स्वीकार करते बताया कि उसने सामग्री अपने घर के उपयोग हेतु चोरी कर घर में रखी है। आरोपी के घर ग्राम खुबटोला से चोरी गई समस्त सामग्री बरामद की गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा गया।

## मजदूर परिवारों को छात्रवृत्ति सहित अन्य योजनाओं का मिला लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल ने ढाई करोड़ से ऊपर की धनराशि का छात्रवृत्ति योजना, साइकिल सहायता योजना व खेलकूद प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश के संगठित क्षेत्र में काम करने वाले हजारों मजदूरों को प्रदान किया। दोपहर विधानसभा अध्यक्ष हाउस में मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में वितरण कार्य हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल की श्रमिक कल्याण के हितों के लिए प्रदेशभर में चलाई जा रही 14 कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते कहा कि मजदूरों को हर परिस्थिति में मदद करने तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने श्रम कल्याण मंडल, कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा है। डॉ. सिंह ने प्रदेश के 6000 से ज्यादा मजदूर परिवार को छात्रवृत्ति योजना, साइकिल सहायता योजना, खेलकूद प्रोत्साहन योजना के तहत करोड़ रुपए की सौगात देते कहा कि श्रम कल्याण मंडल व असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए कल्याणकारी



योजनाओं को अमलीजामा पहने, का कार्य उनके ही मुख्यमंत्रित्वकाल में प्रारंभ हुआ और खूब आगे बढ़ा। अब तक इन योजनाओं का लाभ प्रदेश के लाखों मजदूरों को मिल चुका है। आने वाले समय में इसका और विस्तार होगा। उन्होंने मंडल द्वारा संचालित सस्ते दर में भोजन उपलब्ध कराने की योजना का स्वागत करते कहा कि कल्याण मंडल जन्म से लेकर मृत्यु तक की योजना बनाकर मजदूर क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किया है, बावजूद इसके मजदूर क्षेत्र में कल्याणकारी योजनाओं का कार्य करने की व्यापक प्रासंगिकता अभी भी है। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा एवं मंडल के कल्याण आयुक्त अजितेश पांडे, मोहन एंटी, रामकृष्ण धीवर, रविशंकर सिंह, राधेश्याम गुप्ता, कमल बॉस व विभिन्न उद्योगों से आए मजदूरों ने भी आत्मीय स्वागत किया।

## नांदगांव को एक्सीडेंट मुक्त बनाने की दिशा में ऐतिहासिक पहल

**राजनांदगांव।** राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक-53 पर सोमनी से चिचोला तक यातायात को सुरक्षित, सुगम और दुर्घटना-मुक्त बनाने के लिए स्वीकृत विकास कार्यों को लेकर जिले में सकारात्मक माहौल है। विधानसभा अध्यक्ष एवं विधायक डॉ. रमन सिंह की पहल और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गड़करी की स्वीकृति से 108 करोड़ रुपए की लागत से सर्विस रोड और वाहन अंडरपास निर्माण का रास्ता साफ हुआ है।



भाजयुमो प्रदेश मंत्री मोनू बहादुर सिंह ने इस स्वीकृति के लिए आभार व्यक्त करते कहा कि लंबे समय से जिला मुख्यालय सहित आसपास के क्षेत्रों में यातायात दबाव और दुर्घटनाओं की समस्या बनी हुई थी। डॉ. रमन सिंह के सतत प्रयासों से अब मुंदड़ा कुंज से ट्रांसपोर्ट नगर तक दोनों ओर 7 मीटर चौड़ी सर्विस लेन, पेंड्री में 5.5 मीटर ऊंचा व 12 मीटर चौड़ा अंडरपास, सोमनी से ईरा मोड़ व खुटेरी मोड़ तक सर्विस रोड, सुंदरा से पार्रीनाला तक सर्विस लेन, महाराजपुर तथा चिचोला-एलबी नगर-डोंगरगढ़ रोड चौराहे पर वाहन अंडरपास एवं सर्विस रोड का निर्माण जल्द प्रारंभ होगा। उन्होंने कहा कि इन कार्यों के पूर्ण होने से जिला मुख्यालय में यातायात की सुगमता बढ़ेगी, दुर्घटनाओं में कमी आएगी और मेडिकल कॉलेज पेंड्री सहित हाईवे पर चलने वाले हजारों वाहन चालकों व स्थानीय नागरिकों को सीधा लाभ मिलेगा। रामदरबार चौराहे को भी एक्सीडेंट मुक्त बनाने के लिए सर्वे और समाधान के निर्देश दिया जाना दूरदर्शी कदम है। मोनू बहादुर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन और नितिन गड़करी के नेतृत्व में देशभर में सड़क अधोसंरचना का तेजी से विस्तार हुआ है। मोनू बहादुर ने इसके लिए केंद्रीय मंत्री नितिन गड़करी, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पांडेय, महापौर मधुसूदन यादव के प्रयासों के प्रति जिले की ओर से आभार व्यक्त किया है।

### थल सेना भर्ती रैली 10 से धमतरी में

**राजनांदगांव।** भारतीय थल सेना द्वारा माह मई-जून 2025 में आयोजित ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में उत्तीर्ण युवाओं का शारीरिक दक्षता परीक्षण एवं अन्य भर्ती प्रक्रियाओं का आयोजन 10 से 24 जनवरी 2026 तक इंडोर स्टेडियम धमतरी में किया जा रहा है। इसके अंतर्गत ऑनलाइन सामान्य प्रवेश परीक्षा (सीईई) में उत्तीर्ण जिले के युवाओं के लिए विभिन्न पदों के लिए तिथि निर्धारित की गई है। जिसके तहत एव्ही जीडी पद के लिए 18 जनवरी, एव्ही टीडीएन (10वीं) के लिए 20 जनवरी तथा एव्हीटीटी, एव्ही सीआईके-एसकेटी, एव्हीटीडीएन (8वीं) के लिए 21 जनवरी को जिले के युवा इंडोर स्टेडियम धमतरी में शामिल होंगे। जिला प्रशासन धमतरी द्वारा युवाओं के लिए ठहरने की व्यवस्था की गई है तथा युवाओं की सहायता के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।




## कस्तूरबा महिला मंडल में नववर्ष मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर की सेवाभावी महिलाओं की संस्था कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा नववर्ष मिलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस आयोजन में एकजुट होकर महिलाओं ने एक-दूसरे को नववर्ष की बधाई दी और वर्षभर की जाने वाली गतिविधियों को लेकर चर्चा की। कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा राष्ट्रगान और राजकीय गीत से आयोजन की शुरूआत की गई। इस दौरान महिला मंडल की सदस्य प्रज्ञा गुप्ता द्वारा सेवा भजन की प्रस्तुति भी दी गई।

कार्यक्रम के अवसर पर शारदा तिवारी, किरण अग्रवाल, उर्मिला गुप्ता, सोनाली सहित बड़ी संख्या में महिला मंडल से जुड़ी महिलाएं शामिल हुई।




#### कस्तूरबा गांधी से मिला नाम

कस्तूरबा महिला मंडल की वरिष्ठ पदाधिकारी शारदा तिवारी ने बताया कि कस्तूरबा महिला मंडल के गठन के दौर में कमलादेवी राठी, शीला कोठारी, उषा शुक्ला, सरस्वती महेश्वरी सहित कई महिलाएं थी। इस संगठन में कई पुराने मेंबर अभी सक्रिय हैं। जिनमें उर्मिला गुप्ता, जनकबाई गुप्ता और वर्तमान में अलका जानी अध्यक्ष है। उन्होंने बताया कि इस महिला मंडल का नाम कस्तूरबा महिला मंडल कमलादेवी राठी द्वारा रखा गया। उन्होंने बताया कि एक बार कस्तूरबा गांधी यहां पहुंची थी और यही कस्तूरबा भवन के पीछे ही नगर निगम के आसपास उनका स्वागत कार्यक्रम किया गया था। कस्तूरबा गांधी से प्रभावित होकर महिला मंडल का नाम कस्तूरबा रखा गया।

#### आजादी के पहले बना संगठन

कस्तूरबा महिला मंडल का गठन आजादी से पूर्व यहां की कुछ महिलाओं द्वारा किया गया था, लेकिन इसका रजिस्ट्रेशन वर्ष 1959 में हुआ। कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा सामाजिक, धार्मिक क्षेत्र में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया जाता है। कस्तूरबा महिला मंडल द्वारा कई आयोजन भी किए जाते है। जिसमें महिलाओं को आगे बढ़ाने की दिशा में कार्य किया जाता है।

#### 4 पीढ़ियों से जुड़ी महिलाएं

कस्तूरबा महिला मंडल में यह महिलाओं की चौथी पीढ़ी है। यहां सास के बाद बहू, बेटी और अब पोती भी सदस्य है। आजादी के पहले से चली आ रही इस महिला मंडल में दौर बदला, सदस्य बदले, लेकिन इन महिलाओं की सेवा भावना नहीं बदली। कस्तूरबा महिला मंडल की महिलाएं आज एकजुट होकर कार्य कर रही है।



## सार समाचार

### अग्रसेन प्रीमियर लीग का शुभारंभ



**राजनांदगांव।** भगवान श्री अग्रसेन अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अग्रसेन प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ 8 जनवरी को किया गया। मीडिया प्रभारी राहुल अग्रवाल ने बताया कि भगवान श्री अग्रसेन अखिल भारतीय युवा अग्रवाल सम्मेलन द्वारा अग्रसेन प्रीमियर लीग का भव्य शुभारंभ 08 जनवरी को हुआ। उदघाटन समारोह के मुख्य अतिथि मनोज अग्रवाल, शरद अग्रवाल, संतोष अग्रवाल, नारायण अग्रवाल, घनश्याम अग्रवाल, सुभाष अग्रवाल, राम अग्रवाल, अंकुश अग्रवाल, तपन जिंदल, प्रतीक अग्रवाल, कृष्णा लोहिया, दिव्यांश अग्रवाल, भावेश अग्रवाल, अवंत अग्रवाल, नमन अग्रवाल शामिल थे। अग्रसेन प्रीमियर लीग में कुल सात टीम भाग लेगी। जिसमें 66 खिलाड़ियों का चयन किया गया है। टीम में हनुमान गोयल दाल मिल, श्रीराम इंडट्रीज, श्री श्याम मार्केटिंग, श्री राधे मिनरल्स, प्रिया होजयरी, श्री हरी कारगो तथा धनलक्ष्मी पेपर मिल शामिल है। अतुल अनुराग, विनोद एवं अर्चित अग्रवाल ने बताया कि दुधिया रोशनी में खेले जाने वाला यह खेल 08 से 11 जनवरी तक एवरग्रीन टर्फ मोहारा में 4 दिवसीय आयोजन किया जा रहा है। इस प्रीमियर लीग में तीन दिन तक 7 मैच एवं अंतिम दिन 11 जवनरी को सेमी फाइनल एवं फाइनल मैच का आयोजन होगा। यह जानकारी राहुल अग्रवाल ने दी।

### भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश प्रवक्ता बने कैलाश



**राजनांदगांव।** भाजयुमो के पूर्व जिलाध्यक्ष कैलाश शर्मा को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा का छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किए जाने पर संगठन सहित क्षेत्र में हर्ष, उत्साह और गर्व का वातावरण व्याप्त है। यह नियुक्ति भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण देव, प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय, छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, सांसद संतोष पाण्डेय, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष आलोक ठाकुर, वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, महापौर मधुसूदन यादव, कैबिनेट मंत्री दर्जा प्राप्त नीलू शर्मा, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष सचिन बघेल, उपाध्यक्ष भरत वर्मा, जिलाध्यक्ष कोमल राजपूत, वरिष्ठ नेता संतोष अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष दिनेश गांधी, रमेश पटेल सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं की सहमति से संपन्न हुआ है।

### शराब के नाम पर अनर्गल राजनीति से कांग्रेसी बाज आए



**राजनांदगांव।** मोहारा बायपास में शराब दुकान के कांग्रेस द्वारा विरोध में लगातार आरोपों के बाद भाजपा जिला अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत ने पलटवार करते कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा है। एक बयान जारी करते कोमल सिंह राजपूत ने कहा कि कांग्रेस के पास मुद्दे नहीं है और वो मुद्दाविहीन पार्टी हो चुकी है। कोमल ने कहा कि जिस कांग्रेस सरकार के राज में मानव मंदिर चौक, बस स्टैंड और महावीर चौक तक में शराब बिका करती थी, वो शराब दुकान का विरोध कर अपनी राजनीति चमकाने में लगे हैं। श्री राजपूत ने कांग्रेस को आड़े हाथों लेते कहा कि कांग्रेस अध्यक्ष पहले घर से निकलते हुए अपने आसपास देखा करें, जहां खुद उनके घर के दोनों ओर बार खुला हुआ है, पहले उसका विरोध करें। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस है। जिसके ज्यादातर बड़े नेता शराब घोटाले में जेल में हैं और उनके बहुत से आईएएस भी शराब की दलाली में जेल में हैं और ये लोग शराब की बात ना ही करें तो अच्छा है। श्री राजपूत ने कहा कि सूपा बोले तो बोले, लेकिन अब छलनी भी बोल रही है। जिसमें 74 छेद है।

### मोपेड से शराब ले जाते पकड़ाया



**राजनांदगांव।** मोपेड में अवैध रूप से शराब परिवहन किए जाने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। आरोपी से 65 पौवा शराब बरामद किया गया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मोहारा पुलिस चौकी क्षेत्र में मुखबीर सूचना के आधार पर मोहारा-खैरबना मोड़ के पास से अवैध रूप से शराब परिवहन करते पाए जाने से आरोपी जागेश मंडावी 33 साल निवासी बोईरडीह, संतु मंडावी 65 साल पता बोईरडीह के कब्जे से 65 पौवा देशी शोले प्लेन शराब कीमती 5200 रुपए एवं अवैध शराब परिवहन के लिए उपयोग किया गया स्कूटी जुपिटर को जब्त कर आरोपियों के विरूद्व धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लेकर गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

### दिल्ली के सुप्रसिद्ध नस रोग, दिमाग के विशेषज्ञ प्रत्येक शनिवार राजनांदगाव में

**राजनांदगांव।** राजनांदगांव के मरीजों को अब अपने इलाज के लिए बड़े शहरों के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे, क्योंकि अब राजनांदगांव में उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवाएं आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक सतनाम भवन नया बस स्टैंड राजनांदगांव में उपलब्ध होगी। इससे लोगों को समय और पैसे दोनों की बचत होगी एवं वे स्थानीय स्तर पर ही ईलाज पा सकेंगे। नस, मस्तिष्क एवं स्पाइन रोगों के विशेषज्ञ डॉ. कुलदीप सिंह आज क्लीनिक में उपलब्ध रहेंगे, जो सिर दर्द, ब्रेन ट्युमर्, पैरालाइसिस, दिमाग में खून जमना, नस फटना, दिमाग में चोंट, पैरों में जलन, सुन्नपन लगना, रीढ़ की हड्डी में चोंट, घुटनों में दर्द, सर्वाइकल या गर्दन में दर्द, कमर दर्द या साइटिका, मिर्गी या बार-बार दौरे पड़ना, याददास्त का कम होना या जाना, नसों की कमजोरी, हाथ एवं पैरों में सुन्नपन, झनझनाहट, पार्कीनसन इत्यादि गंभीर रोगों का इलाज करेंगे। आरोग्यम सुपर स्पेशलिटी क्लीनिक में किडनी प्रोस्टेट पथरी एवं मूत्र रोग, हृदय रोग, पेट एवं लिवर रोग, निसंतानता एवं स्त्री रोग तथा चर्म, बाल एवं गुप्त रोग विशेषज्ञ समय-समय पर अपनी सेवाएं देते रहते हैं।

### 14 को मनाई जाएगी मकर संक्रांति : शास्त्री



**राजनांदगांव।** इस वर्ष मकर संक्रांति का पर्व 14 जनवरी को षटतिला एकादशी तिथि के दिन मनाया जाएगा। मकर संक्रांति एकादशी के दिन पड़े तो यह बहुत अतिउत्तम योग होता है। इस दिन किया गया धर्म, कर्म और दान उत्तम फल प्रदान करता है। मकर संक्रांति के फल के संदर्भ में श्री सत्यनारायण मंदिर के आचार्य पं. कालूराम शास्त्री ने बताया कि इस वर्ष संक्रांति कुमारी अवस्था में बाघ पर बैठी हुई, हाथों में गदा धारण किए हुए आ रही है। संक्रांति कुमकुम का लेपन किए हुए हाथों में पुष्प लेकर, पीले वस्त्र धारण किए हुए चांदी के पात्र में दूध का सेवन करते फलों का भक्षण कर रही है। संक्रांति वायव्य की ओर देखते हुए पश्चिम की ओर जा रही है। देश के पश्चिम एवं उतरी राज्यों के निवासियों को कष्ट, पशुओं को पीड़ा तथा नववधु एवं स्त्रियों को कष्ट, छोटे बालकों को शारीरिक पीड़ा होने का योग दिखता है। समुद्र तट के निकट स्थित राज्यों पर संकट पैदा हो सकता है। इस वर्ष क्रांति इन राशियों के लिए विशेष रूप से सालभर तक के शुभ फलदायक हैं। मिथुन, कन्या, मकर, कुंभ राशि के जातकों के लिए विशेष फलदायक हैं। इसके अलावा मेष, वृष, कर्क, सिंह, तुला, वृश्चिक, धनु एवं मीन राशि के जातकों के लिए कष्टकारक है, जिन राशियों के लिए कष्टकारक है, उन राशियों के जातकों को विशेष रूप से यह दान करना चाहिए। कांसे के पात्र में पंचमेवा भरकर केसर रखकर किसी मंदिर में दान करना चाहिए। दान करने से पीड़ा में कमी और घर में सुख-शांति की प्राप्ति, कष्ट में कमी होती है।

## बास्केटबॉल बालक-बालिका 17 वर्ष के 1006 प्रतिभागी होंगे शामिल

# दिग्विजय स्टेडियम में 11 से 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा संचालित एवं स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा 69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन 11 से 15 जनवरी तक दिग्विजय स्टेडियम राजनांदगांव में आयोजित किया गया है। प्रतियोगिता में देश के 36 राज्यों एवं संस्थाओं की बास्केटबॉल (बालक-बालिका 17 वर्ष) टीमों द्वारा उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया जाएगा।

69वीं राष्ट्रीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का 11 जनवरी को सुबह 10 बजे दिग्विजय स्टेडियम में उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह व अध्यक्षता स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव करेंगे। विशिष्ट अतिथि महापौर मधुसूदन यादव, छत्तीसगढ़ पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित अध्यक्ष सचिन बघेल, बीस सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के पूर्व उपाध्यक्ष खूबचंद पारख, कृषि ऊपज मंडी समिति के पूर्व उपाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, सभापति शिक्षा समिति नगर पालिक निगम आलोक श्रोती उपस्थित रहेंगे।




### प्रतियोगिता की तैयारियां पूर्ण

प्रतियोगिता में देश के आंध्रप्रदेश, अरूणाचल प्रदेश, बिहार, चंडीगढ़, दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, केरल, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, मणिपुर, मिजोरम, उड़ीसा, पुडुचेरी, पंजाब, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, त्रिपुरा, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, पश्चिम बंगाल, मेजबान छत्तीसगढ़ राज्यों के अलावा सीबीएसई डब्ल्यूएसओ, सीबीएसई, सीआईएससीई, डीएवी, आईबीएसएसओ, आईपीएससी, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय समिति, विद्याभारती के बास्केटबॉल 17 वर्ष में 429 बालक एवं बास्केटबॉल बालिका 17 वर्ष में 402 सहित कुल 1006 प्रतिभागी शामिल होंगे। आयोजन समिति द्वारा प्रतियोगिता की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

### 15 को प्रतियोगिता का समापन

प्रतियोगिता का 15 जनवरी को सुबह 11 बजे दिग्विजय स्टेडियम में समापन समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद संतोष पाण्डेय व अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष किरण रविन्द्र वैष्णव द्वारा की जाएगी। विशिष्ट अतिथि डोंगरगांव विधायक दलेश्वर साहू, खुज्जी विधायक भोलाराम साहू, डोंगरगढ़ विधायक हर्षिता स्वामी बघेल, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जनपद पंचायत राजनांदगांव अध्यक्ष प्रतिमा चंद्राकर, राजगामी संपदा न्यास के पूर्व अध्यक्ष संतोष अग्रवाल, राजगामी संपदा न्यास के पूर्व अध्यक्ष रमेश पटेल उपस्थित रहेंगे।

### युवा दिवस का आयोजन 12 को

**राजनांदगांव।** स्वामी विवेकानंद की जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस 12 जनवरी को गांधी सभागृह में मनाया जाएगा। खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार जिला राजनांदगांव द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में युवाओं की प्रतिभा को मंच प्रदान किया जाएगा। युवा दिवस पर भाषण प्रतियोगिता, काव्यपाठ एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें जिले के समस्त स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थी भाग लेंगे। कार्यक्रम के दौरान एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण किया जाएगा। साथ ही आत्मनिर्भर भारत और नशामुक्त भारत की शपथ दिलाई जाएगी तथा स्वामी विवेकानंद के विचारों एवं उनके योगदान पर चर्चा होगी। प्रतियोगिताओं में 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के प्रतिभागी ही शामिल हो सकेंगे। काव्यपाठ और भाषण प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों को 5-5 मिनट का समय दिया जाएगा। काव्य पाठ का विषय उठो, जागो : स्वामी विवेकानंद जी का अमर संदेश रहेगा, जिसे हिंदी या छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रस्तुत किया जा सकेगा। वहीं भाषण हिंदी या अंग्रेजी में होगा। जिसका विषय स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणास्रोत एवं राष्ट्रनिर्माण के पथ प्रदर्शक रहेगा। रंगोली प्रतियोगिता के लिए 45 मिनट का समय निर्धारित किया गया है। इसका विषय युवा शक्ति एवं स्वामी विवेकानंद पर आधारित होगा। आयोजकों ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को प्रतियोगिता से संबंधित सामग्री स्वयं लानी होगी तथा सहभागिता निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुसार ही मान्य होगी।

## एकलव्य की नाबालिग छात्रा ने की खुदकुशी का प्रयास

- मेडिकल कॉलेज रेफर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मोहला

अंबागढ़ चौकी में संचालित केंद्रीय एकलव्य आवासीय विद्यालय में अध्यनरत नाबालिग छात्रा ने खुदकुशी करने के प्रयास का मामला सामने आया है। गंभीर अवस्था में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी से पीड़ित छात्रा को मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है।

घटना को लेकर मिली जानकारी के अनुसार केंद्रीय विद्यालय एकलव्य आवासीय विद्यालय मानपुर भवन के अभाव के चलते अंबागढ़ चौकी नगर में संचालित है। यहां मानपुर विकासखंड के आदिवासी अनुसूचित जनजाति के प्रतिभागी 210 छात्रा व 210 छात्र छठवीं से 12वीं तक अध्यनरत है। घटना को लेकर जानकारी मिली है कि गुरुवार दोपहर स्कूल अवधि में दसवीं की एक मानपुर थाना क्षेत्र की 16 वर्षीय आदिवासी छात्रा ने फिनायल पीकर आत्महत्या करने की कोशिश की, जिसे क्रिटिकल हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अंबागढ़ चौकी लाया गया, उसके बाद उचित इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव रेफर किया गया है।

इस संपूर्ण मामले में वास्तविक जानकारी देने के लिए केंद्रीय विद्यालय के प्राचार्य प्रमोद प्रकाश तथा सहायक आयुक्त संजय कुर्रे उपलब्ध ही नहीं हो रहे हैं। इसके पूर्व भी केंद्रीय विद्यालय में बेहद गंभीर घटना घटित हो चुकी है। होनहार आदिवासी नाबालिक छात्रा के इस गंभीर मामले में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से अंबागढ़ चौकी पुलिस के समक्ष गुरुवार शाम को एक डॉक्टरी मेमो पहुंचा है। स्थानीय उच्च अधिकारियों को मामले की जानकारी भी नहीं है।

## मजदूर परिवारों को छात्रवृत्ति व अन्य योजनाओं का लाभ

**राजनांदगांव।** छग श्रम कल्याण मंडल ने ढाई करोड़ से ऊपर की धनराशि का छात्रवृत्ति योजना, साइकिल सहायता योजना व खेलकूद प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत प्रदेश के संगठित क्षेत्र में काम करने वाले हजारों मजदूरों को प्रदान किया। दोपहर विधानसभा अध्यक्ष हाउस में मंडल द्वारा आयोजित कार्यक्रम में प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह की उपस्थिति में वितरण कार्य हुआ।

कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल के अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा ने छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल की श्रमिक कल्याण के हितों के लिए प्रदेशभर में चलाई जा रही 14 कल्याणकारी योजनाओं का जिक्र करते कहा कि मजदूरों को हर परिस्थिति में



मदद करने तथा उन्हें सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने श्रम कल्याण मंडल, कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ा है। डॉ. सिंह ने प्रदेश के 6000 से ज्यादा मजदूर परिवार को छात्रवृत्ति योजना, साइकिल सहायता योजना, खेलकूद प्रोत्साहन योजना के तहत करोड़ रुपए की सौगात देते कहा कि श्रम कल्याण मंडल व असंगठित क्षेत्र के मजदूरों के लिए कल्याणकारी योजनाओं को अमलीजामा पहने, का कार्य उनके ही मुख्यमंत्रित्वकाल में प्रारंभ हुआ और खूब आगे बढ़ा। अब तक इन योजनाओं का लाभ प्रदेश के लाखों मजदूरों को मिल चुका है। उन्होंने मंडल द्वारा संचालित सस्ते दर में भोजन उपलब्ध कराने की योजना का स्वागत करते कहा कि कल्याण मंडल जन्म से लेकर मृत्यु तक की योजना बनाकर मजदूर क्षेत्र में क्रांतिकारी कार्य किया है, बावजूद इसके मजदूर क्षेत्र में कल्याणकारी योजनाओं का कार्य करने की व्यापक प्रासंगिकता अभी भी है। कार्यक्रम के प्रारंभ में मंडल अध्यक्ष योगेश दत्त मिश्रा एवं मंडल के कल्याण आयुक्त अजितेश पांडे, मोहन एंटी, रामकृष्ण धीवर, रविशंकर सिंह, राधेश्याम गुप्ता, कमल बॉस व विभिन्न उद्योगों से आए मजदूरों ने भी आत्मीय स्वागत किया।









बाजार चारभाठा धान संग्रहण केन्द्र से सात करोड़ के धान गायब होने के मामले में कार्रवाई

# संग्रहण केन्द्र प्रभारी निलंबित, जिला विपणन अधिकारी को नोटिस जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

जिले के धान संग्रहण केन्द्र बाजार चारभाठा में रखा करीब 7 करोड़ का 26 हजार क्विंटल धान गायब होने का मामला सामने आने के बाद जिला कलेक्टर गोपाल वर्मा ने मामले में बयान जारी कर अभी तक की कार्यवही की जानकारी दी है। प्रशासनिक जानकारी के मुताबिक करोड़ों के इस घोटाले के मामले में जांच टीम गठित कर दी गई है। इससे पूर्व सचिव छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर ने एक आदेश जारी कर प्रितेश कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ सहायक, धान संग्रहण केन्द्र प्रभारी, बाजार चारभाठा, जिला कबीरधाम के प्रभार में भंडारित धान के निराकरण उपरांत अप्रत्याशित कमी एवं श्री पाण्डेय द्वारा कर्तव्यों के प्रति घोर उपेक्षावान रहने के साथ-साथ लापरवाही तथा अनुशासनहीनता होने पर उन्हें छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ के सेवानियम 2007 की कंडिका 27 (1) के तहत तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया है। निलम्बन अवधि में प्रितेश कुमार पाण्डेय, वरिष्ठ सहायक का मुख्यालय, जिला कार्यालय कबीरधाम रहेगा और निलम्बन अवधि में इन्हें नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ता प्राप्त करने की पात्रता रहेगी। इसी प्रकार सचिव छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित मुख्यालय नवा रायपुर अटल नगर ने अभिषेक मिश्रा, सहायक प्रबंधक, जिला विपणन अधिकारी, क्राइस्टचर्च राज्य सहकारी विपणन संघ, जिला कबीरधाम (छ.ग.) को खरीफ विपणन वर्ष 2024-25 के धान भंडारण एवं निराकरण के संबंध में जिला विपणन अधिकारी, कवर्धा के पद पर पदस्थ रहते हुए संग्रहण केन्द्रों में धान भंडारण एवं रख-रखाव के संबंध में मिडिया के समक्ष तथ्यों का सम्यक रूप से बिना पुष्टि के प्रस्तुत कर प्रथम दृष्टया छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी विपणन संघ सेवानियम-2007 की कंडिका-18 का उल्लंघन किए जाने एवं राज्य सहकारी विपणन संघ की छबि धुमिल किए जाने पर नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। साथ ही इस कृत्य के लिए जिला विपणन अधिकारी श्री मिश्रा के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रचलित की किए जाने कहा है।

### संग्रहण केंद्रों से धान गायब, सवालों में व्यवस्था

यह पूरा मामला वर्ष 2024–25 में समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के भंडारण से जुड़ा है। कवर्धा जिले के बाजार चारभाठा और बघर्रा संग्रहण केंद्रों में कुल 7 लाख 99 हजार क्विंटल धान रखा गया था। उठाव के बाद मिलान करने पर दोनों केंद्रों से 26 हजार क्विंटल धान की कमी पाई गई। इनमें से अकेले बाजार चारभाठा केंद्र से 22 हजार क्विंटल धान गायब मिला जिसकी कीमत करीब 7 करोड़ रुपये बताई जा रही है। अधिकारियों के इस तर्क ने कई सवाल खड़े कर दिए हैं कि अगर धान वास्तव में कीटों से नष्ट हुआ तो समय रहते भंडारण और सुरक्षा के इंतजाम क्यों नहीं किए गए? अब यह मामला जिले की धान संग्रहण व्यवस्था और निगरानी पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है।



### जांच जारी है, की जाएगी सख्त कार्यवाही

धान संग्रहण केन्द्र बाजार चारभाठा में सात करोड़ का धान चूहों द्वारा खाए जाने का तथ्य गलत है। बीते पांच वर्षो के सूखत के आंकड़ो में पाया गया है कि खरीदी वर्ष 2020-21 में 3.90 प्रतिशत, खरीदी वर्ष 2021-22 में 3.67 तथा खरीदी वर्ष 2024-25 में 3.54 प्रतिशत सूखत पाया गया है। जो धान में कमी का मुख्य कारण हो सकता है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। जांच टीम द्वारा अंतिम रिपोर्ट प्रस्तुत किए जाने के बाद दोषियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगा।

**गोपाल वर्मा, कलेक्टर, कबीरधाम**

### प्रभारी पर गड़बड़ी व फर्जीवाड़े के आरोप

इस मामले में बाजार चारभाठा संग्रहण केंद्र के प्रभारी पर भारी गड़बड़ियों के आरोप सामने आए हैं। शिकायत में कहा गया है कि प्रभारी ने धान की फर्जी आवक-जावक दर्ज की, खराब धान की खरीद के झूठे बिल बनाए, मजदूरों की नकली हाजिरी लगाई और सीसीटीवी कैमरों से छेड़छाड़ की। प्रारंभिक जांच में इन आरोपों को सही पाया गया है। इसके बाद विभाग ने कार्रवाई करते हुए संबंधित कर्मचारी को उसके पद से हटा दिया है।

# राष्ट्रीय खेल में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी हिम्मत साहू सम्मानित



हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

मात्सोगी-डो एसोसिएशन ऑफ जम्मू-कश्मीर के तत्वावधान में आयोजित 20वीं राष्ट्रीय मात्सोगी-डो चैम्पियनशिप 2025 का सफल आयोजन दिनांक 28 दिसंबर से 31 दिसंबर 2025 तक जम्मू विश्वविद्यालय, जम्मू में किया गया। इस प्रतिष्ठित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों से आए उत्कृष्ट एवं प्रतिभाशाली खिलाड़ियों ने भाग लेकर अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। इस राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में कबीरधाम जिले के उभरते हुए खिलाड़ी हिम्मत साहू ने असाधारण कौशल, अनुशासन और दृढ़ संकल्प का परिचय देते हुए स्वर्ण पदक अपने नाम किया। उनकी इस ऐतिहासिक उपलब्धि से न केवल कबीरधाम जिला बल्कि सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य गौरवान्वित हुआ है। अपने शानदार और सराहनीय प्रदर्शन के आधार पर हिम्मत साहू का चयन आगामी अंतरराष्ट्रीय मात्सोगी-डो प्रतियोगिता के लिए भी किया गया है, जो जिले के खेल इतिहास में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि मानी जा रही है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पुष्पेंद्र बघेल व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अमित कुमार पटेल द्वारा हिम्मत साहू का पुलिस अधीक्षक कार्यालय में सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। वरिष्ठ अधिकारियों ने हिम्मत साहू की कड़ी मेहनत, समर्पण एवं खेल के प्रति प्रतिबद्धता की मुक्तकंठ से प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट सफलता की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। हिम्मत साहू की इस उल्लेखनीय सफलता से जिले के युवाओं को खेलों के क्षेत्र में आगे बढ़ने की प्रेरणा मिलेगी तथा कबीरधाम जिले की पहचान राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय मंच पर और अधिक सुदृढ़ होगी।

## खबर संक्षेप

### शारीरिक दक्षता परीक्षा 10 जनवरी आज से प्रारंभ

**कवर्धा।** भारतीय थलसेना में अग्निवीर भर्ती वर्ष 2025-26 के लिए शारीरिक दक्षता परीक्षा 10 जनवरी से 21 जनवरी 2026 तक स्थान बाबू पंढरी राव कृदत्त इंडोर स्टेडियम, आमातालाब, धमतरी में आयोजित है। शारीरिक दक्षता परीक्षा में कबीरधाम जिले के लिखित परीक्षा उत्तीर्ण अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 14, 20 एवं 21 जनवरी 2026 तिथि निर्धारित है। अभ्यर्थियों के ठहरने के लिए धमतरी नगर के सोनकर भवन, रामबाग, विध्यंवासिनी वार्ड, रैनबसेरा, जिला अस्पताल के पास, सामुदायिक भवन, मराठा मंगल भवन के पास, मराठा पारा एवं राखेचा भवन, साल्हेवार पारा रोड, धमतरी में किया गया है। इन स्थानो में प्रशासन द्वारा अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है।
जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि अभ्यर्थी अपने साथ दैनिक सामग्रियों, सूखा नाश्ता, पानी बॉटल, बिछाने व ओढ़ने की व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक सामग्रियों के साथ जावें। इस संबंध में और अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय, कबीरधाम या कार्यालय के दूरभाष पर संपर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

# फांसी पर लटका मिला लापता व्यक्ति का शव

## मामले की जांच में जुटी पाण्डातराई पुलिस, 20 दिन से था लापता



हरिभूमि न्यूज ⏭पाण्डातराई

नगर पंचायत पाण्डातराई निवासी करीब 20 दिन से लापता एक व्यक्ति का शव शुक्रवार को मडमडा रोड के किनारे गन्ने के खेत में फांसी के फंदे पर लटका मिला। शव मिलने की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है। हालांकि अभी तक ये स्पष्ट नहीं हो पाया है कि यह आत्महत्या है या फिर हत्या, पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर पंचायत पाण्डातराई के वार्ड क्रमांक 14 निवासी मानिकराम बंजारे पिता जयराम बंजारे उम्र 58 वर्ष गत 19 दिसम्बर से लापता था। परिजनो की लगातार पतासाजी के बाद भी उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसी बीच 09 जनवरी दिन शुक्रवार को एक बकरी चराने वाले एक चरवाहा मड़मड़ा रोड के किनारे गन्ने के खेत के पास गया था जहां उसने बबूल पेड़ पर एक अज्ञात व्यक्ति का शव लटका हुआ देखा और इसकी जानकारी पाण्डातराई नगरवासियों को दी देखते ही देखते मौके पर लोगों की भीड़ लग गई और घटना से पाण्डातराई पुलिस को अवगत कराया गया। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक का शव बरामद कर मर्ग कायम कर लिया है और अब इस बात की जांच की जा रही है कि यह आत्महत्या है या फिर हत्या।

### 27 वर्षीय युवक ने लगाई फांसी



**स लोहारा।** थाना क्षेत्र सहसपुर लोहारा में एक पेट्रोल पंप में कार्यरत युवक ने अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मृतक की पहचान राजू वर्मा आयु 27 वर्ष, निवासी ग्राम बाम्हनटोला के रूप में की गई है। इस संबंध में स लोहारा पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार राजू वर्मा सहसपुर लोहारा स्थित वर्मा पेट्रोल पंप में कर्मचारी के रूप में कार्यरत था। गुरूवार की सुबह एक किसान जब खेत की ओर गया तो उसने लोहारा क्षेत्र स्थित खदान के पास एक युवक का शव फांसी के फंदे में लटका देखा और इसकी जानकारी तत्काल लोहारा पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और स्थल का निरीक्षण करते हुए कानूनी प्रक्रिया प्रारंभ की। पुलिस ने शव को फंदे से नीचे उतारकर पंचनामा तैयार किया तथा पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पोस्टमार्टम उपरांत शव को परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# टीचर्स एसोसिएशन ने डिप्टी सीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

- दो लाख विद्यार्थियों व शिक्षकों के स्थानीय अवकाश का मुद्दा रखा

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन के प्रतिनिधिमंडल ने जिलाध्यक्ष डॉ. रमेश कुमार चन्द्रवंशी के नेतृत्व में स्थानीय विधायक कार्यालय में कवर्धा विधायक व छत्तीसगढ़ शासन के उपमुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर ऐसे पर्व व त्यौहार में स्थानीय अवकाश घोषित कराने की मांग किया है, जिससे जिले के स्कूली विद्यार्थियों व शिक्षकों को भी लाभ मिल सके। ज्ञापन को कार्यालय प्रभारी नरेंद्र मानिकपुरी व रामकुमार पटेल ने स्वीकार किया।

इस विषय पर एसोसिएशन के प्रतिनिधियों ने अपना पक्ष रखते हुए बताया कि जिले में कलेक्टर द्वारा प्रत्येक कैलेंडर वर्ष के लिए तीन दिन का स्थानीय अवकाश घोषित किया जाता है। इससे संबंधित पत्र सामान्यतः माह जनवरी माह में जारी किए जाते हैं। तीन दिनों के स्थानीय अवकाश में से एक दिन श्रावण मास का प्रथम सोमवार रहता है। शेष दो दिनों का स्थानीय अवकाश ऐसे दिनों में दिया जाता है, जिस समय स्कूल में दशहरा व दीपावली अवकाश रहता है, जिसके कारण इन दो दिनों के स्थानीय अवकाश का लाभ जिले के लगभग दो लाख स्कूली विद्यार्थियों एवं साढ़े छः हजार शिक्षकों को नहीं मिल पाता है अर्थात इस अवकाश का लाभ केवल पांच हजार कर्मचारियों को ही मिल पाता है। अतः कैलेंडर वर्ष-2026 में श्रावण मास के प्रथम सोमवार के अलावा शेष दो दिनों का स्थानीय अवकाश ऐसे तिथियों में घोषित किया जावे, जिससे जिले के सभी कर्मचारियों अधिकारियों के साथ स्कूली विद्यार्थियों व शिक्षकों को भी इसका लाभ मिल सके। इसके लिए एसोसिएशन ने मकर संक्रांति, बसंत पंचमी, होलिका दहन, रथयात्रा, हरषठ, पोला, गणेश चतुर्थी, अनंत चतुर्दशी, करवाचौथ व्रत, देवउठनी एकादशी व शहीद वीरनारायण सिंह बलिदान दिवस में से किसी भी तिथि को स्थानीय अवकाश घोषित करने का सुझाव दिया है।

स दौरान बड़ी संख्या में सोसिएशन के पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित थे



### रबी फसलो पर रोग एवं कीट प्रबंधन पर प्रशिक्षण एवं ड्रोन तकनीक का प्रदर्शन

**स लोहारा।** कृषि विज्ञान केन्द्र, कवर्धा एवं छत्तीसगढ़ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद रायपुर के संयुक्त तत्वधान में गत दिनो ग्राम रामपुर, विकासखंड सहसपुर लोहारा जिला कबीरधाम में तीन दिवसीय कृषक प्रशिक्षण आयोजित किया गया। जिसमे ग्राम रामपुर एवं आसपास गांवों के लगभग 370 कृषक, महिला कृषक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रूखमणी कौशिक, जनपद सदस्य, विकासखंड सहसपुर लोहारा, गोपाल नेताम, सरपंच, रामपुर, सुदेश सिंह, पूर्व सरपंच, रामपुर, रामशरण साहु, प्राचार्य, शासकीय हायर सेकण्डरी, स्कूल, रामपुर उपस्थित रहे एवं कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. पी त्रिपाठी, इंजी. टीएस सोनवानी, विषय वस्तु विशेषज्ञ डॉ. एनसी बंजारा, डॉ. बीएस परिहार एवं योगेश कुमार कौशिक उपस्थित थे। कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि द्वारा कृषकों को संबोधित करते हुए उन्नत तकनीक के साथ-साथ पौध संरक्षण विषय की जानकारी होने पर रोग एवं कीट से होने वाले हानि से फसलों को बचा सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों द्वारा चना गेहूं, तिवड़ा, मक्का, अरहर एवं अन्य फसलों पर लगने वाले रोग एवं कीटो के पहचान, नुकसान के लक्षण एवं नियंत्रण की समन्वित विधि जैसे - जैविक विधि, चना के उकठा रोग नियंत्रण हेतु ट्राइकोडर्मा, स्यूडोमोनास के उपयोग, सस्य क्रियाएं द्वारा कीट एवं रोग नियंत्रण, यांत्रिक विधि जैसे- लाईट ट्रेप, फेरोमेन ट्रेप, स्टीकी ट्रेप, फसल प्रक्षेत्र के बाउण्ड्री में गेंदा फुल को रोपण कर कीटों से नियंत्रण एवं रसायनिक विधि का विस्तार से जानकारी दी गई साथ ही वर्तमान कृषि समसमायिक की कृषको से चर्चा की किया गया। कार्यक्रम के अंत में ड्रोन तकनीक से फसलों में पोषक तत्व एवं रासायनिक दवाओं का छिड़काव का जीवंत प्रदर्शन कराया गया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के किसानो बढ़चढ़कर हिस्सा लिया तथा कई अआवश्यक जानकारियां भी प्राप्त की।

# डॉ. वीरेन्द्र साहू छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा



प्रदेश भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने जिला पंचायत सदस्य डॉ. वीरेन्द्र साहू को एक बड़ी और अहम जिम्मेदारी सौंपी है। उन्हें छत्तीसगढ़ भाजपा प्रदेश किसान मोर्चा का प्रदेश प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति की खबर सामने आते ही उनके समर्थकों और पार्टी कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। डॉ. वीरेन्द्र साहू भाजपा के युवा, कर्मठ और जुझारू कार्यकर्ता के रूप में जाने जाते हैं। संगठनात्मक कार्यों में उनकी सक्रिय भूमिका और अनुभव को देखते हुए पार्टी नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा है। इससे पहले वे अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद में नगर अध्यक्ष और प्रदेश कार्यकारी सदस्य रह चुके हैं। इसके अलावा वे निर्वाचित बैंक प्रतिनिधि, साहू समाज के प्रदेश उपाध्यक्ष, जिला भाजपा उपाध्यक्ष, भाजयुमो जिलाध्यक्ष तथा जनपद पंचायत उपाध्यक्ष जैसे कई महत्वपूर्ण पदों पर रहकर संगठन और समाज सेवा में योगदान दे चुके हैं। प्रदेश किसान मोर्चा का प्रदेश प्रवक्ता बनाए जाने पर डॉ. वीरेन्द्र साहू ने भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शीर्ष नेतृत्व के समृद्ध अनुभव, दूरदर्शिता और स्नेहपूर्ण मार्गदर्शन में वे पार्टी के अन्य पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर प्रदेश के किसानों के हित में पूरी निष्ठा और समर्पण के साथ कार्य करेंगे। उनकी इस नियुक्ति से किसान मोर्चा को नई ऊर्जा मिलने की उम्मीद जताई जा रही है।

# गन्ना आपूर्ति न करने वाले अंशधारी सदस्यों पर कार्रवाई, प्रक्रिया प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

भोरमदेव सहकारी शक्कर उत्पादक कारखाना मर्यादित, कवर्धा द्वारा उन अंशधारी सदस्यों के विरुद्ध कार्यवाही की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है, जो लंबे समय से कारखाना में गन्ना विक्रय नहीं कर रहे हैं। इससे कारखाना को निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप गन्ना प्राप्त नहीं हो पा रहा है और पेराई कार्य प्रभावित हो रहा है। सर्वेक्षण में यह पाया गया कि अनेक अंशधारी सदस्य वर्षों से अपने उत्पादन का गन्ना कारखाने को उपलब्ध नहीं करा रहे हैं। इस महत्वपूर्ण विषय को ध्यान में रखते हुए कारखाना के संचालक मंडल की 123वीं बैठक दिनांक 05 जनवरी 2024 को आयोजित की गई, जिसमें प्रस्ताव क्रमांक 01 के अंतर्गत निर्णय लिया गया कि ऐसे अंशधारी सदस्य, जो लगातार कारखाना में गन्ना विक्रय नहीं कर रहे हैं, वे कारखाना के उपविधि में निहित प्रावधान क्रमांक (7)(2)(द) में सदस्य बने रहने हेतु निर्धारित बाध्यताओं एवं शर्तों का पालन नहीं कर रहे हैं। अतः उपविधि क्रमांक 9(ब)(5) के अनुसार ऐसे अंशधारी सदस्यों की कारखाना से सदस्यता समाप्त करने की कार्यवाही प्रारंभ करने का निर्णय संचालक मंडल द्वारा लिया गया है।

शिखर युवा मंच एवं जीव दया फाउंडेशन की संयुक्त पहल से ग्रामीण बच्चों का भविष्य होगा रोशन

# पोषण केन्द्र के 50 बच्चों के अभिभावकों को बांटे गए सोलर लैम्प

हरिभूमि न्यूज ⏭बोड़ला



शिखर युवा मंच एवं जीव दया फाउंडेशन के संयुक्त सहयोग से बोड़ला विकासखंड के ग्राम लब्दा, कुरलूपानी एवं कोमो में भूपेश वैष्णव के नेतृत्व में गत दिनो ग्रामीणों को सोलर लैम्प वितरण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के माध्यम से पोषण केन्द्रों से जुड़े कुल 50 बच्चों के अभिभावकों को सोलर लैम्प वितरित किए गए, जिससे इन परिवारों के घरों में उजाले के साथ-साथ नई उम्मीदों का संचार हुआ। यहां बताना लाजिमी होगा कि यह क्षेत्र भौगोलिक रूप से दुर्गम एवं आदिवासी बहुल होने के कारण बिजली आपूर्ति की समस्या से लंबे समय से जूझ रहा है। अनेक घरों में या तो बिजली कनेक्शन उपलब्ध नहीं है, या फिर आपूर्ति अत्यंत अनियमित रहती है। इस स्थिति का सबसे अधिक नकारात्मक प्रभाव छोटे बच्चों की पढ़ाई और स्वास्थ्य पर पड़ता है। सोलर लैम्प वितरण कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को सुरक्षित, स्वच्छ एवं निरंतर रोशनी उपलब्ध कराकर उनकी शिक्षा को प्रोत्साहित करना है। कार्यक्रम की शुरुआत अभिभावकों के साथ संवाद से हुई, जिसमें सोलर लैम्प के उपयोग, संरक्षण एवं चार्जिंग संबंधी जानकारी दी गई। इसके बाद चयनित परिवारों को सोलर लैम्प वितरित किए गए। वितरण के दौरान अभिभावकों के चेहरों पर खुशी और संतोष के भाव स्पष्ट दिखाई दिए। कई माताओं ने कहा कि अब उनके बच्चे धुएँ वाले दीयों के बिना भी सुरक्षित वातावरण में पढ़ाई कर सकेंगे। शिखर युवा मंच के संस्था प्रमुख भूपेश वैष्णव ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह पहल केवल रोशनी देने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि बच्चों के सपनों और उनकी शिक्षा को नई दिशा देने का प्रयास है।

उन्होंने जीव दया फाउंडेशन के सहयोग के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा कि इस प्रकार की संवेदनशील साझेदारी ग्रामीण और आदिवासी समुदायों के जीवन में वास्तविक परिवर्तन ला सकती है। सोलर लैम्प वितरण से बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ परिवारों का दैनिक जीवन भी सुगम होगा। महिलाओं को घरेलू कार्यों में सहूलियत मिलेगी, रसोई एवं आंगन में रोशनी रहने से सुरक्षा की भावना बढ़ेगी तथा पर्यावरण के अनुकूल ऊर्जा उपयोग को बढ़ावा मिलेगा। कार्यक्रम के सफल संचालन में शिखर युवा मंच की कबीरधाम टीम, पोषण केंद्र कार्यकर्ता एवं स्थानीय समुदाय का विशेष योगदान रहा। संस्था ने भविष्य में भी शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आजीविका के क्षेत्र में इसी प्रकार सकारात्मक पहल जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# राष्ट्रीय युवा दिवस पर भाषण, काव्यपाठ और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन 12 जनवरी को

हरिभूमि न्यूज ⏭कवर्धा

खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा स्वामी विवेकानंद जी की जयंती के अवसर पर प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन 12 जनवरी 2026 को जिला मुख्यालय कवर्धा में किया जा रहा है। कार्यक्रम में भाषण प्रतियोगिता, काव्यपाठ प्रतियोगिता एवं रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम शासकीय आत्मानंद स्कूल, दुर्गावती चैक, कवर्धा में प्रातः 10 बजे से प्रारंभ होगा। जिले के सभी स्कूलों/कॉलेजों के विद्यार्थी एवं इच्छुक खिलाड़ी, जिनकी आयु 15 से 29 वर्ष के बीच है, प्रतियोगिताओं में भाग ले सकते हैं। राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय में आयोजित होने वाली काव्यपाठ, भाषण तथा रंगोली प्रतियोगिता में प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष होना अनिवार्य है। काव्यपाठ प्रतियोगिता में प्रतिभागियों को अधिकतम 05 मिनट का समय प्रदान किया जाएगा तथा काव्य पाठ का विषय "उठो जागो-स्वामी विवेकानंद जी का अमर संदेश" निर्धारित किया गया है। प्रत्येक प्रतिभागी केवल एक कविता प्रस्तुत कर सकेगा। कविता हिन्दी अथवा छत्तीसगढ़ी भाषा में प्रस्तुत की जा सकती है। प्रस्तुत की जाने वाली कविता हिंसक, आपत्तिजनक या भेदभावपूर्ण नहीं होनी चाहिए। कविता मौलिक अथवा किसी प्रसिद्ध कवि की रचना हो सकती है, किन्तु प्रकाशित प्रसिद्ध कविता प्रस्तुत किए जाने पर कवि का नाम अनिवार्य रूप से उल्लेख करना होगा। प्रतिभागियों का मूल्यांकन उच्चारण, भाव-भंगिमा, प्रस्तुति कौशल, शुद्धता तथा विषय की प्रासंगिकता के आधार पर किया जाएगा। भाषण प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित की गई है। भाषण हिन्दी अथवा अंग्रेजी भाषा में प्रस्तुत किया जा सकेगा तथा अधिकतम 05 मिनट का समय प्रदान किया जाएगा। भाषण का विषय "स्वामी विवेकानंद जी युवाओं के प्रेरणास्त्रोत और राष्ट्रनिर्माण के पथप्रदर्शक" रहेगा। प्रतिभागियों का मूल्यांकन भाषण की स्पष्टता, विषय की प्रासंगिकता, प्रवाह, अभिव्यक्ति, शब्दों की पुनरावृत्ति से बचाव, विषय के प्रति जागरूकता एवं आत्मविश्वास के आधार पर किया जाएगा। रंगोली प्रतियोगिता के लिए प्रतिभागियों की आयु 15 से 29 वर्ष निर्धारित है।

## खबर संक्षेप

### किसान भाजपा मोर्चा प्रदेश कार्यकारी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनने गए, ओम प्रकाश यदु

**हरिभूमि कोलेगांव।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर जिला मंत्री भाजपा



ओम प्रकाश यदु को कुण्डा मंडल क्षेत्रवासियों एवं भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस नियुक्ति के बाद क्षेत्र में हर्ष का माहौल है और बधाई देने वालों का तांता लगा रहा है। बताया जाता है कि ओम प्रकाश यदु लंबे समय से संगठन के लिए निरंतर सक्रिय रहते हुए पार्टी के प्रति अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारीपूर्वक निर्वहन करते आ रहे हैं। संगठनात्मक कार्यों से लेकर किसान हितों से जुड़े हर क्षेत्र में उनका योगदान सराहनीय रहा है। किसान भाजपा मोर्चा के प्रदेश कार्यकारी में विशेष आमंत्रित सदस्य बनाए जाने पर कुण्डा मंडल के साथ-साथ पूरे जिले के भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। जिस पर प्रमुख रूप से सुरेश दुबे, मनहरण साहू, दिनेश चंद्रवंशी, कपिल चंद्राकर, मोहन चंद्रवंशी, संतोष चंद्रवंशी, रामफल चंद्रवंशी, विनय शर्मा, सुरेश धुर्वे, संतोष साहू, रामाधार शर्मा, भागवत साहू, धर्मेंद्र साहू, देवेंद्र चंद्रवंशी, अमन खनूजा, माखन चंद्रवंशी, संजय चंद्रवंशी, बबलू चंद्रवंशी सहित कुंडा मंडल एवं आसपास के क्षेत्रों के अनेक भाजपा कार्यकर्ता गण उपस्थित थे।

### शिक्षा गुणवत्ता सुधारने पांच दिवसीय एफएलएन प्रशिक्षण का प्रथम चरण आयोजित



**हरिभूमि कोलेगांव।** प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने और बच्चों की बुनियादी साक्षरता व संख्यात्मक क्षमता को मजबूत करने के उद्देश्य से कुण्डा जोन अंतर्गत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुण्डा में पांच दिवसीय एफएलएन (फाऊंडेशनल लिटरेसी एंड न्यूमेरसी) प्रशिक्षण का प्रथम चरण सम्पन्न हुआ। कुण्डा जोन अंतर्गत आने वाले 13 संकुल भगतपुर, डबरी, दामापुर, कोलेगांव, बघर्रा, कुण्डा, महली, मोहगांव, पेण्ड्रीकला, रूसे, सैहामालगी, सेमरकोना, सुकली गोविंद के कुल 126 प्राथमिक शिक्षकों ने प्रशिक्षण में भाग लिया। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य 3 से 8 वर्ष की आयु वर्ग के बच्चों के लिए बुनियादी भाषा, पठन, लेखन व संख्यात्मक कौशल को सुदृढ़ करना है। प्रशिक्षण में नई शिक्षा नीति 2020, निपुण भारत अभियान 2021 तथा एनसीईआरटी (राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा) 2022 के संदर्भ में शिक्षकों को विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही राष्ट्रीय पाठ्यचर्या स्कूल शिक्षा 2023 अंतर्गत पाठ्य- पुस्तकों में किए गए बदलावों पर भी विशेष चर्चा की गई। मास्टर ट्रेनर भागीरथी चंद्राकर, धर्मराज साहू, भरत डोरे, विवेक शर्मा के द्वारा दिया गया।

**सौगात :** भावना बोहरा के जनसेवा के कार्यों और प्रयासों से पंडरिया विधानसभा विकास के नए अध्याय लिख रहा: अरुण साव

# डिप्टी सीएम व विधायक ने रखी विकसित पंडरिया की नींव 19.94 करोड़ से अधिक निर्माण कार्यों का किया भूमिपूजन

- नगर पालिका पंडरिया को 2 करोड़ और नगर पंचायत पाण्डातराई एवं इंदौरी के सर्वांगीण विकास के लिए 1-1 करोड़ की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पंडरिया

पंडरिया एवं पाण्डातराई नगर के गांव-गांव पहुंची विकास की रोशनी, उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं विधायक भावना बोहरा ने 19.94 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का किया लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। पंडरिया विधानसभा के विकास और जन-सुविधाओं के विस्तार के लिए आज ऐतिहासिक क्षण रहा। शुक्रवार को पीएमश्री स्वामी आत्मानंद स्कूल मैदान में आयोजित विभिन्न विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों के भूमिपूजन समारोह में हजारों की संख्या में जनता उपस्थित रही और पंडरिया के विकास के एक नए अध्याय की साक्षी बानी।

इस दौरान बतौर मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं पंडरिया विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने नगर पालिका परिषद पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई अंतर्गत 19 करोड़ 94 लाख 75 हजार रुपए के विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों का लोकार्पण और भूमिपूजन कर जनता को समर्पित किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने विधायक भावना बोहरा की अनुशंसा पर नगर पालिका पंडरिया को 2 करोड़ और नगर पंचायत पाण्डातराई एवं इंदौरी के सर्वांगीण विकास के लिए 1-1 करोड़ रुपए के सौगात की घोषणा की और अन्य मांगों को भी पूरा करने हेतु आश्वस्त किया। यह विकास कार्य पंडरिया विधानसभा की समृद्धि और विकास यात्रा को नई गति देगा।

पूर्व विधायक अशोक साहू ने कहा कि आज का कार्यक्रम ऐतिहासिक है। पंडरिया विधानसभा को मिली यह सौगात भाजपा सरकार के विकास का संकल्प और विधायक भावना बोहरा की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे ने कहा कि डबल इंजन भाजपा सरकार में पंडरिया नगर नई उपलब्धियां अर्जित कर रहा है और विकास की यह गति निरंतर जारी रहेगी।

नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई अंतर्गत कुल 13 करोड़ 89 लाख 33 हजार के विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया। पंडरिया में 3 करोड़ 85 लाख की लागत से कार्यालय नगर पालिका भवन सह व्यवसायिक परिसर निर्माण, अधोसंरचना मद के तहत नगर पालिका परिषद पंडरिया




## भावना बोहरा ने जनसेवा को अपना संकल्प बनाया

समारोह के दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि विधायक श्रीमती भावना बोहरा ने जनसेवा को अपना संकल्प बनाया है। उनके निरंतर प्रयासों और सक्रियता से पंडरिया विधानसभा विकास के नए अध्याय लिख रहा है। सड़क, पेयजल, अधोसंरचना और नागरिक सुविधाओं के क्षेत्र में जो कार्य आज शुरू हो रहे हैं, वे क्षेत्र की तस्वीर बदलने वाले सिद्ध होंगे। श्रीमती भावना बोहरा द्वारा बेटियों की शिक्षा के लिए 8 निःशुल्क बस सेवा, आपातकालीन सेवा हेतु 8 निःशुल्क एम्बुलेंस, गांव-गांव स्वास्थ्य जांच हेतु निःशुल्क मोबाइल हेल्थ पैथ लैब, युवाओं के उज्जवल भविष्य के लिए लक्ष्य निःशुल्क कोचिंग सेंटर और जनता की सेवा, सुविधा एवं विकास के प्रति उनके समर्पण ने ही उन्हें उत्कृष्ट विधायक और एम्बुलेंस वाले दीदी की उपाधि दी है। विधायक भावना बोहरा जो 24 घंटे आप सभी की चिंता करती हैं आप सभी सौभाग्यशाली हैं कि एक जागरूक जनप्रतिनिधि भावना बोहरा निरंतर आपकी सेवा में जुटी हुई हैं। उन्होने कहा कि मैं बचपन से पंडरिया आ रहा हूँ लेकिन आज यहां उपस्थित जनसैलाब पंडरिया के इतिहास में पहली बार देख रहा हूँ। उन्होंने कहा कि यह सरकार जनहित, विकास और सुशासन के संकल्प के साथ कार्य कर रही है और पंडरिया सहित समूचे छत्तीसगढ़ में विकास की गति को निरंतर आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में हम लगातार प्रयास कर रहें हैं।

## 19 करोड़ से अधिक के विकास कार्य जनता को समर्पित

विधायक भावना बोहरा ने कहा कि पंडरिया विधानसभा की सेवा और क्षेत्र के विकास का अवसर जो आप सभी ने अपने बहमूल्य समर्थन से मुझे दिया है वह मेरे लिए सौभाग्य की बात है। आज 19 करोड़ से अधिक के विकास कार्य मैं क्षेत्र की जनता को समर्पित करती हूँ। आपके विश्वास और सहयोग से ही हम विकास की इस यात्रा को और गति दे पा रहे हैं। मेरा संकल्प है कि पंडरिया के प्रत्येक गांव, हर बस्ती और वनांचल क्षेत्र के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचे। आज जिन कार्यों का भूमिपूजन एवं लोकार्पण हुआ है उनमें सड़क निर्माण, पेयजल आपूर्ति योजनाएं, अधोसंरचना विकास, नगर पालिका भवन सह व्यावसायिक परिषर, चौक-चौराहों का विकास, नवीन तहसील भवन तथा अन्य सार्वजनिक सुविधाएं शामिल हैं। इन परियोजनाओं के पूर्ण होने से क्षेत्र में रोजगार, व्यापारिक गतिविधियां और आम जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। मैं इस सौगात के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री अरुण साव का आभार व्यक्त किया और पंडरिया विधानसभा के आप सभी मेरे परिवारजनों को बधाई दिया।

अंतर्गत 66 कार्यों हेतु 3 करोड़ 80 लाख, 1 करोड़ 91 लाख 87 हजार की लागत से मिनी स्टेडियम निर्माण कार्य, 73 लाख 80 हजार की लागत से एसएलआरएम सेंटर निर्माण, 20 लाख की लागत से ध्वजा चौक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया।

इसके साथ ही नगर पंचायत पाण्डातराई में अधोसंरचना मद अंतर्गत 2 करोड़ 79 लाख की लागत से कुल 52 विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और वन विभाग अंतर्गत 59 लाख 66 हजार की लागत से अमनिया से डालामौहा तक रपटा निर्माण कार्य का उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा किया गया। इस प्रकार कुल 13 करोड़ 89 लाख 33 हजार रुपए के विभिन्न विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया गया।

वहीं नगर पालिका पंडरिया एवं नगर पंचायत पाण्डातराई अंतर्गत कुल 6 करोड़ 5 लाख 42 हजार के विकास व अधोसंरचना निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री अरुण साव एवं पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा जल जीवन मिशन अंतर्गत ग्राम दुल्लापुर, सेन्हाभांठा एवं परसवारा में रेट्रोफिटिंग नल जल प्रदाय तथा ग्राम लोखान एवं मुनमुना में सिंगल विलेज नल जल प्रदाय हेतु 4 करोड़ 61 लाख 42 हजार के विकास कार्य, नगर पंचायत पांडातराई अंतर्गत 71 लाख की लागत से नवीन तहसील कार्यालय भवन और नगर पालिका परिषद पंडरिया अंतर्गत 45 लाख की लागत से नवनिर्मित चौपाटी, 19 लाख की लागत से भारत माता चौक, 5 लाख की लागत से शिवाजी पुष्प वाटिका एवं 4 लाख की लागत से रजत जयंती चौक का लोकार्पण किया गया। इस प्रकार कुल 6 करोड़ 5 लाख 42 हजार के विकास एवं अधोसंरचना निर्माण कार्यों का लोकार्पण किया गया। इस अवसर पर अशोक साहू, श्रीमती नंदिनी साहू, श्रीमती दुर्गा सिंह, श्रीमती मंजुला देवी कुर्रे, श्रीमती सरिता सोनी, श्रीमती मित्रिन बाई मांडले, सुमित तिवारी, मनोज ठाकुर, जशवंत साहू, छत्र किशोर तिवारी, श्रीमती राजकुमारी धृतलहरे, श्रीमती दीपा धुर्वे, श्रीमती राजकुमारी साहू, गोपाल साहू, दिनेश चंद्रवंशी, भुनेश्वर साहू, हरीश लुनिया, रुपेश जैन, कल्याण सिंह, नवल किशोर पाण्डेय, देवेन्द्र गुप्ता, हरीश जैन, रविश ठाकुर, बसंत वटिया, फलित साहू, खिलेश्वर साहू, बालमुकुन्द चंद्रवंशी, नरेश साहू, प्रदीप गोस्वामी सहित वरिष्ठजन, जनप्रतिनिधि, पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी गण उपस्थित थे।

# खरीदी केंद्र कोलेगांव में धान उठाव की गति धीमी, प्रबंधन चिंतित

## धान खरीदी केन्द्र में अब तक 30 हजार क्विंटल धान की हो चुकी है खरीदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कोलेगांव

विकासखंड पंडरिया अंतर्गत स्थित धान खरीदी केंद्र कोलेगांव में धान की खरीदी तो तेजी से हो रही है, लेकिन खरीदे गए धान का उठाव धीमी गति से होने के कारण प्रबंधन की चिंता बढ़ती जा रही है। कोलेगांव खरीदी केंद्र के अंतर्गत बसनी, घोरपेंड्री, खैलटुकरी, रेंहुटा, सूरजपुरा एवं कोलेगांव सहित कई गांवों के किसान धान विक्रय के लिए आते हैं। क्षेत्रफल एवं किसान संख्या के लिहाज से यह केंद्र अत्यंत बड़ा धान खरीदी केंद्र माना जाता है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक लगभग 30 हजार क्विंटल धान की खरीदी हो चुकी है, किंतु उठाव की प्रक्रिया अपेक्षित



गति से नहीं हो पा रही है। जैसे-जैसे मौसम में बदलाव आ रहा है और धूप की तीव्रता बढ़ रही है, वैसे-वैसे खुले में रखे धान के सूखने व गुणवत्ता प्रभावित होने की आशंका भी बढ़ती जा रही है। इसके साथ ही खरीदी केंद्र में भंडारण स्थल की कमी भी सामने आने लगी है। यदि समय पर धान का उठाव नहीं किया गया, तो आगामी दिनों में किसानों एवं समिति दोनों को परेशानी का सामना करना पड़ सकता है। जिस पर केंद्र प्रबंधन एवं किसानों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि धान खरीदी केन्द्र कोलेगांव में धान के उठाव की गति शीघ्र बढ़ाई जाए, ताकि समय पर धान का परिवहन हो सके, वहीं भंडारण की समस्या न उत्पन्न हो और किसानों को किसी प्रकार की आर्थिक हानि न हो।

# धान उपार्जन केंद्र पेंड्रीकला में 21 हजार क्विंटल की खरीदी, उठाव ठप



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

पंडरिया विकासखण्ड अंतर्गत ग्राम कुण्डा के उपार्जन केंद्र पेंड्रीकला में धान खरीदी की प्रक्रिया गंभीर संकट में फंसी हुई है। पंजीयन क्रमांक 212 वाले इस उपार्जन केंद्र में कुल 35 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य निर्धारित है, जिसके मुकाबले अब तक लगभग 21 हजार क्विंटल धान की खरीदी ही हो पाई है। यानि अभी भी करीब 50 प्रतिशत धान खरीदी शेष है। वहीं पेण्ड्रीकला धान खरीदी केन्द्र में सबसे बड़ी समस्या धान उठाव में हो रही देरी है। समय पर धान का उठाव नहीं होने से समिति की व्यवस्था प्रभावित हो रही है, वहीं लिमिट कम होने, वारदाना की कमी और टोकन संबंधी परेशानियों के चलते ग्रामीण किसानों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। प्रारंभिक दिनों में केंद्र में प्रतिदिन लगभग 570 क्विंटल धान की खरीदी की जा रही थी, बाद में लिमिट बढ़ाकर इसे 900 क्विंटल प्रतिदिन किया गया। इसके बावजूद अब तक केवल आधी खरीदी ही हो सकी है। जबकि शासन द्वारा धान खरीदी की अंतिम तिथि 31 जनवरी 2026 निर्धारित की गई है, ऐसे में समय-सीमा के भीतर शेष धान खरीदी हो पाना कठिन प्रतीत हो रहा है। ग्रामीणों से प्राप्त जानकारी के अनुसार कुछ ही दिन शेष रहते हुए, लिमिट की कमी, वारदाना अभाव और धान उठाव की धीमी गति के बीच समय पर शेष 50 प्रतिशत धान खरीदी कैसे पूरी होगी?

### धान उठान नही होना, खरीदी प्रक्रिया में बड़ी बाधा

उपार्जन केंद्र पेंड्री कला प्रभारी विवेक चंद्राकर ने बताया कि केंद्र में 35 हजार क्विंटल धान खरीदी का लक्ष्य है, जिसमें से 21 हजार क्विंटल खरीदी हो चुकी है, जबकि अभी भी लगभग 50 प्रतिशत धान खरीदी बाकी है। उन्होंने कहा कि खरीदी की तिथि अब कुछ ही दिन शेष है, ऐसे में वर्तमान व्यवस्था में पूरी खरीदी होना मुश्किल है। श्री चंद्राकर ने स्पष्ट किया कि या तो धान खरीदी की तिथि आगे बढ़ानी होगी या फिर प्रतिदिन की लिमिट में वृद्धि करनी पड़ेगी। इसके साथ ही वारदाना की कमी और समय पर धान उठाव नहीं होना भी खरीदी प्रक्रिया में बड़ी बाधा बन रहा है।

### वार्षिक परीक्षा के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा। हेमचंद यादव विवि ने वार्षिक परीक्षा के आवेदन का शेड्यूल जारी किया है। ऑनलाइन आवेदन 10 जनवरी से शुरू होंगे। अंतिम तारीख 25 जनवरी है। आवेदन वेबसाइट के जरिए करें।

**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दंडाधिकारी, बोड़ला, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)**

**// ईशतहार //**

रा.प्र.क्रं./B-121/ वर्ष 2025-2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक बैसाखु पति बरतु निवासी-सरोधादादर तहसील बोड़ला द्वारा अपने पत्नि शांति बाई मेरावी पति बैसाखु का दिनांक 04.02.2024 को मृत्यु ग्राम-सरोधादादर में ही जाने के उपरांत आज दिनांक तक मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बन पाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र बनाये जाने हेतु इस न्यायालय में आवेदन पेश किया गया है

तद्संबंध में जिस किसी व्यक्ति को दावा आपत्ति हो तो स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से लिखित में नियत तिथि 21.01.2026 तक दावा/आपत्ति इस न्यायालय में पेश कर सकते है। नियत समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 07.01.2026 की मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक - 07.01.2026
पेशी तिथि - 21.01.2026

मुहर

नायब तहसीलदार
बोड़ला
जिला-कबीरधाम

# बाउंड्रीवॉल के अभाव में हाई स्कूल राम्हेपुर कला का मैदान बना शराबियों का अड्डा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरबसपुर

जिला मुख्यालय से लगभग 10 किलोमीटर की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत राम्हेपुर कला में संचालित शासकीय हाई स्कूल इन दिनों गंभीर समस्या से जूझ रहा है। कवर्धा-बिलासपुर नेशनल मार्ग के किनारे एवं भोरमदेव शक्कर कारखाना के समीप स्थित शासकीय हाई स्कूल विद्यालय बाउंड्रीवॉल के अभाव में असुरक्षित व सामाजित लोगों के जमावड़ा लगा रहता है। बताया जाता है कि शाम ढलते ही स्कूल परिसर मैदान में शराबियों का जमावड़ा लगना आम बात हो गई है। वहीं देर-रात तक यहां शराबखोरी होती रहती है, जिसके चलते शराब की खाली बोतलें तथा डिस्पोजल पानी पाउच व अन्य कचरा परिसर में बिखरा पड़ा रहता है। इससे न केवल विद्यालय की गरिमा प्रभावित हो रही है, बल्कि स्कूली बच्चों व शिक्षकों को भी भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि विद्यालय में न तो सफाई कर्मी पदस्थ है और न ही चपरासी, जिसके कारण मैदान परिषर में फैले कचरे, डिस्पोजल पानी पाउच एवं शराब की शीशियों को साफ करने के लिए कई बार छात्रों और शिक्षकों को स्वयं मजबूर होना पड़ता है, जो अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है।

ग्रामीणों एवं अभिभावकों का कहना है कि यदि विद्यालय परिषर की सुरक्षा हेतु बाउंड्रीवॉल का निर्माण कर दिया जाए, तो शराबियों के जमावड़े पर रोक लगेगी और बच्चों को सुरक्षित एवं स्वच्छ वातावरण मिल सकेगा। साथ ही विद्यालय में सफाई कर्मी एवं चपरासी की नियुक्ति भी आवश्यक है। जिस पर ग्रामीणों व पालक गण ने क्षेत्र के संबंधित विभाग एवं शासन प्रशासन तथा जनप्रतिनिधियों को इस गंभीर समस्या का तत्काल संज्ञान में लेते हुए विद्यालय को असामाजिक तत्वों से मुक्त करने की अपील की गई।

विधायक भावना बोहरा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल

# कुण्डा महाविद्यालय में वार्षिक स्नेह कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा

नवीन शासकीय महाविद्यालय कुण्डा में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं वंदना के साथ कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्कृष्ट विधायक श्रीमती भावना बोहरा विधायक पंडरिया एवं विशिष्ट अतिथि ओम यदु जिला मंत्री भाजपा, कृष्ण चंद्राकर, बालमुकुंद चंद्रवंशी, महेंद्र घृतलहरे, रामस्वरूप साहू, दिनेश मिश्रा, अमन खनूजा, अम्बोका गोलू सोनवानी, हरेंद्र चंद्राकर, मनहरण साहू, सुमन गुप्ता, शिवकुमार चंद्रवंशी, मुमताज अहमद मुख्य रूप से उपस्थित थे। महाविद्यालय के जनभागीदारी के अध्यक्ष परषोत्तम निर्मलकर एवं जनभागीदारी समिति के समस्त सदस्यों की उपस्थिति एवं विशेष योगदान रहा। महाविद्यालय के प्राचार्या डॉ श्रीमती ऋचा मिश्रा ने




मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथियों का स्वागत बैच, पुष्पगुच्छ भेंटकर किया। प्राचार्या ने अपने स्वागत भाषण में महाविद्यालय की वार्षिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। इसके पश्चात छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना, राजकीय गीत, स्वागत गीत, नृत्य, नुक्कड़ नाटक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया, जिन्हें उपस्थित दर्शकों ने अत्यंत सराहना की। तत्पश्चात शैक्षणिक, खेलकूद एवं सांस्कृतिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया।

मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को परिश्रम, अनुशासन एवं निरंतर प्रयास का महत्व समझाया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। उन्होंने महाविद्यालय के प्रयासों की प्रशंसा की। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ पूर्णिमा साहू ने किया। महाविद्यालय के जनभागीदारी सदस्य मोहन कुर्रे, रवि चंद्रवंशी, रमन खनूजा, निलेश गुप्ता, गणेश सोलंकी, संतोष धुर्वे, गुरुदेव सिंह मक्कड़, मोहन राजपूत, ईश्वरी साहू, हनुमान दास वैष्णव, सुखदेव चंद्राकर सहित समस्त सहा प्राध्यापकों एवं अन्य कर्मचारीगण तथा बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं की उपस्थित थें। अंत में सहा प्राध्यापक संतोष साहू ने उपस्थित जनो का आभार व्यक्त किया।